वर्ष : 34 ▸ अंक :21 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 29 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



एक्टिंग के साथ निर्देशन भी करेंगे ऋतिक रोशन

▸ पेज -7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

जस्टिस वर्मा को भेजा गया इलाहाबाद हाईकोर्ट



▸ पेज - 8

न्यूज़ ब्रीफ

### पांच राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के लिए 1604 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बिहार, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र और केरल में अग्निशमन सेवाओं को मजबूत करने के लिए 1,604 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा, सिक्किम में आपदा से उबरने और पुनर्निर्माण परियोजनाओं के लिए भी 555 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई एक उच्च-स्तरीय समिति की बैठक में ये निर्णय लिए गए। समिति ने बिहार के लिए 340.90 करोड़, झारखंड के लिए 147.97 करोड़, गुजरात के लिए 339.18 करोड़, केरल के लिए 162.25 करोड़ और महाराष्ट्र के लिए 614.09 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

### मुंबई में खुले में कचरा जलाने पर लगेगा 10 गुना ज्यादा जुर्माना

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका ने शहर में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए खुले में कचरा जलाने वालों पर जुर्माने की राशि 10 गुना बढ़ा दी है। पहले 100 रुपए जुर्माना लिया जाता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दिया गया है। हर दिन 15,000 मीट्रिक टन कचरे का निपटान करना बीएमसी के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।मनपा द्वारा घरों से कचरा इकट्ठा करने की व्यवस्था होने के बावजूद, लोग अवैध रूप से कचरा फेंकने या जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। क्लीनअप मार्शल योजना 4 अप्रैल से बंद होने के बाद, BMC के 25 वार्डों में विशेष दस्ते बनाए गए हैं। हर दस्ते में एक जूनियर सुपरवाइजर, एक न्यूसेंस डिटेक्टर और एक मुकादम शामिल होगा। खुले में कचरा जलाने वालों से अब 1,000 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। BMC में 105 न्यूसेंस डिटेक्टर के पद हैं, लेकिन वर्तमान में सिर्फ 21 ही कार्यरत हैं। अगले तीन महीनों में इन रिक्त पदों पर नई भर्ती की जाएगी।

### यशु-यशु वाला पादरी बजिंदर रेप का दोषी करार

**मुंबई।** चमत्कार से बीमारियां ठीक करने का दावा करने वाले पादरी बजिंदर सिंह पर महिला से यौन उत्पीड़न मामले में शुक्रवार को मोहाली कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने पादरी को दोषी करार दे दिया है। कोर्ट 1 अप्रैल को सजा पर फैसला सुनाएगा। महिला से रेप करने के मामले में नामजद पास्टर बजिंदर सिंह सोमवार को अदालत में पेश हुआ था। उस दिन की पेशी के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। आज यानी शुक्रवार (28 मार्च) को केस की सुनवाई हुई और पादरी को दोषी करार दिया।

# केंद्रीय कर्मचारियों को सौगात-ए-मोदी

- 1 करोड़ 15 लाख लोगों को होगा फायदा
- रिटायर्ड कर्मचारियों को भी मिलेगा फायदा




**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 2% की वृद्धि को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के साथ डीए 53% से बढ़कर 55% हो जाएगा। यह जानकारी इकोनॉमनिक टाइम्स की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दी गई है। केंद्रीय कर्मचारियों के भत्ते में यह बढ़ोतरी बीते कुछ छमाही में सबसे कम है। बता दें कि यह बढ़ोतरी सातवें वेतन आयोग के तहत हुई है। हाल ही में सरकार ने आठवें वेतन आयोग का भी गठन कर दिया है। नए वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 के जनवरी महीने से लागू होने की उम्मीद है।

### साल में 2 बार होती है बढ़ोतरी

सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक साल में दो बार केंद्रीय कर्मचारियों के भत्ते में बढ़ोतरी की जाती है। यह बढ़ोतरी छमाही आधार पर होती है। आखिरी वृद्धि जुलाई 2024 में हुई थी, जब महंगाई भत्ता 50% से बढ़ाकर 53% कर दिया गया था। यह 3% बढ़ोतरी को दिखाता है। अब नए फैसले के तहत भत्ते में 2% का इजाफा हुआ है। यह भत्ता बढ़ोतरी जनवरी 2025 से जून 2025 तक के लिए है।

### बढ़े हुए DA पर सरकार के ₹6,614 करोड़ खर्च होंगे

सैलरी ₹3622 करोड़

पेंशन ₹2992 करोड़

### 50,000 बेसिक सैलरी पर हर महीने ₹1000 का फायदा

**1. पुराना DA (53%)**

DA = मूल वेतन × DA प्रतिशत

DA = ₹50,000 × 53/100

DA = ₹26,500 रुपए प्रति माह

कुल वेतन (Basic + DA)

₹50,000 + ₹26,500 = ₹76,500 प्रति माह

**2. नया DA (55%)**

DA = मूल वेतन × DA प्रतिशत

DA = ₹50,000 × 55/100

DA = ₹27,500 प्रति माह

कुल वेतन (Basic + DA):

₹50,000 + ₹27,500 = ₹77,500 प्रति माह

**कितना बढ़ा**

नया DA - पुराना DA=

₹27,500 - ₹26,500 = ₹1,000 प्रति माह

यानी इस कर्मचारी के वेतन में ₹1,000 की बढ़ोतरी होगी।

नोट: ये कैल्कुलेशन अनुमानित है। इसमें बदलाव हो सकता है।


### मिलेगा 2 महीने का एरियर

सरकार ने भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान मार्च के महीने में किया है। हालांकि, केंद्रीय कर्मचारियों को जनवरी और फरवरी महीने का भी भत्ता एरियर के तौर पर मिलेगा। आइए कैल्कुलेशन के हिसाब से समझ लेते हैं कि नई बढ़ोतरी के बाद केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी कितनी बढ़ जाएगी। अगर किसी केंद्रीय कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 19000 रुपये होगी तो उसे महंगाई भत्ते के तौर पर 10,070 रुपये मिलता था। अब 2 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद यह भत्ता 10,450 रुपये हो गया है। इस लिहाज से केंद्रीय कर्मचारियों के भत्ते में 380 रुपये प्रति माह का इजाफा हुआ है। इसके साथ ही केंद्रीय कर्मचारियों को जनवरी और फरवरी यानी 2 महीने का एरियर 760 रुपये मिलेगा।

### पेंशनकर्मियों को भी फायदा

केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर केंद्र सरकार के रिटायर्ड कर्मचारियों के महंगाई राहत यानी डीआर में भी 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद अब पेंशनभोगियों का पेंशन भी बढ़ जाएगा। बता दें कि सरकार के डीए और डीआर पर फैसले से एक करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा।

## सेना को मिलेंगे 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर



**सरकार ने सबसे बड़े रक्षा सौदे को दी मंजूरी**

नई दिल्ली। भारत ने 156 मेड इन इंडिया LCH प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दे दी है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा मंत्रालय ने इस वित्तीय वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा। हेलीकॉप्टर कर्नाटक के बेंगलुरु और तुमकुर स्थित उनके प्लांट्स में बनाए जाएंगे।

## कुणाल कामरा को मद्रास हाईकोर्ट से राहत

▸▸ ‘गद्दार’ कमेंट मामले में मिली अग्रिम जमानत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मद्रास हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में कामरा को मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की आशंका थी, जिसके चलते उन्होंने हाई कोर्ट में जमानत की अर्जी दी थी।



**31 मार्च तक पेश होने का आदेश**

पुलिस ने उन्हें 31 मार्च को पूछताछ के लिए पेश होने का निर्देश दिया है। इससे पहले, शिवसेना के 12 समर्थकों को स्टूडियो में तोड़फोड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कुछ घंटों बाद ही उन्हें जमानत दे दी गई थी।

**महाराष्ट्र विधान परिषद ने लिया संज्ञान**

महाराष्ट्र विधान परिषद ने भी शिंदे के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस स्वीकार किया है ।कामरा फिलहाल पुडुचेरी में हैं, जैसा कि उनके इंस्टाग्राम बायो से संकेत मिलता है।

**क्या है पूरा मामला?**

यह विवाद खार के हैबिटेट कॉमेडी क्लब में कुणाल कामरा के शो से उपजा, जहां उन्होंने एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए एक पैरोडी गीत प्रस्तुत किया। इस शो के बाद शिवसेना समर्थकों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने रविवार रात क्लब और होटल में तोड़फोड़ की। इसके बाद शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर खार पुलिस ने कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया। मुंबई पुलिस ने कामरा को पूछताछ के लिए दो बार समन भेजा था, लेकिन उन्होंने सात दिन का समय मांगा था।

## शक्तिशाली भूकंप से पांच देशों की धरती हिली

- ▸▸ दोपहर 12 बजे 7.7 तीव्रता का आया भूकंप
- ▸▸ म्यांमार में 20 लोगों की मौत, बैंकॉक में तीन की गई जान
- ▸▸ म्यांमार में 200 लोग घायल, बैंकॉक में 90 लोग लापता
- ▸▸ 12 मिनट बाद मांडले शहर के पास 6.4 तीव्रता के झटके आए



**एजेंसी । नई दिल्ली**

म्यांमार में शुक्रवार को शक्तिशाली भूकंप के झटकों से धरती कांप उठी। झटके इतने जोरदार थे कि इसका असर म्यामांर समेत थाईलैंड, भारत, बांग्लादेश और चीन देशों में भी महसूस किया गया। दोपहर 12 बजे के करीब म्यांमार में सबसे पहले 7.7 तीव्रता का भूंकप आया। इसके कुछ देर बाद मांडले शहर के पास 6.4 तीव्रता का शक्तिशाली झटका आया। लगातार दो झटकों के कारण म्यांमार में 20 से अधिक लोगों के मारे जाने की सूचना है, जबकि 200 लोग घायल हो गए हैं। वहीं थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 30 मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई।

थाईलैंड सरकार ने बताया कि निर्माणाधीन इमारत ढहने से 90 लोग लापता हो गए हैं। हालात को देखते हुए सेना और पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुट गई है। बता दें, 2001 में भारत के गुजरात में स्थित भुज शहर में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 13 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

**मांडले शहर की इमारतें तबाह**

सोशल मीडिया पर जारी वीडियो और तस्वीरों के अनुसार म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर और भूकंप के केंद्र के करीब स्थित मांडले में पूर्व शाही महल और इमारतों को नुकसान हुआ है। हालांकि, यह शहर भूकंप संभावित क्षेत्र में है। रिपोर्ट के मुताबिक, मांडले के दक्षिण-पश्चिम में सागइंग क्षेत्र में 90 वर्ष पुराना एक पुल ढह गया तथा मांडले और म्यांमा के सबसे बड़े शहर यंगून को जोड़ने वाले राजमार्ग के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गए। भूकंप की वजह से यंगून के निवासी अपने घरों से बाहर निकल आए। किसी के घायल होने या मौत की तत्काल कोई सूचना नहीं है। म्यांमा की राजधानी नेपीता में भूकंप से धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा, उनके कुछ हिस्से ढह गए तथा कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**इन जगहों पर भी रहा असर**

भूकंप की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इसका असर म्यांमार-थाईलैंड के अलावा भारत, बांग्लादेश और चीन में भी महसूस किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। वहीं बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए।

**म्यांमार में आपातकाल लागू**

रिपोर्ट में बताया गया कि म्यांमार की सैन्य सरकार ने राजधानी नेपीता और मांडले सहित छह क्षेत्रों और राज्यों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। वहीं थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेटोंगटार्न शिनावात्रा ने भूकंप के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। थाईलैंड के रक्षा मंत्री फुमथाम वेचायाचाई ने बताया कि भूकंप के बाद सेना बचाव कार्य में जुट गई है।

**मध्य म्यांमार था भूकंप का केंद्र**

भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार था। यह सागाइंग से 16 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में है। यहां 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके 12 मिनट बाद मांडले शहर में 6.4 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया। रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप के झटके इतने तेज थे कि बैंकॉक में ऊंची इमारतों की छतों पर बने स्वीमिंग पूल का पानी बाहर आ गया तथा इमारतों से मलबा गिरने लगा।

## अजीत पवार गुट के विधायक अन्ना बनसोडे की बढ़ी मुश्किलें

**हाई कोर्ट में याचिका दायर**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजीत पवार गुट के विधायक अन्ना बनसोडे की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनके विधायक होने के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। अभी दो दिन पहले ही बनसोडे को निर्विरोध विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया था, लेकिन अब उनकी विधायकी पर सवाल खड़े हो गए हैं। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) उम्मीदवार सुलक्षणा शिलवंत-धर ने हाई कोर्ट में उनके खिलाफ याचिका दायर की है।



**क्या हैं आरोप?**

याचिका में दावा किया गया है कि बनसोडे ने विधानसभा चुनाव में नियमों का उल्लंघन किया था, इसलिए उनकी विधायकी को रद्द किया जाए। न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की एकल पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अन्ना बनसोडे को नोटिस जारी किया और उन्हें 2 अप्रैल को अगली सुनवाई के लिए पेश होने का आदेश दिया।

**बनसोडे का राजनीतिक सफर और अजीत पवार से नजदीकी**

अन्ना बनसोडे तीसरी बार विधानसभा चुनाव जीतकर हैट्रिक लगा चुके हैं। उनकी पहचान अजीत पवार के कट्टर समर्थक के रूप में होती है। अजीत पवार ने ही उन्हें विधानसभा उपाध्यक्ष पद तक पहुंचाया और विभिन्न समितियों में भी जगह दी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## भिवंडी में फ्लैट का स्लैब गिरने से 6 माह के बच्चे की मौत, मां घायल



**भिवंडी।** भिवंडी में शुक्रवार को सुबह एक इमारत के फ्लैट की छत गिर जाने से छह माह के बच्चे की मौत हो गई और बच्चे की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शांतिनगर पुलिस इस मामले की गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार भिवंडी के नायगांव इलाके में स्थित अंसारी अपार्टमेंट में तल मजले पर स्थित फ्लैट में मां अपने छह माह बच्चे के साथ सोई थी। उसी समय फ्लैट के छत का स्लैब गिर गया । मलबे में दबा कर बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घायल मां को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और भिवंडी नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और इमारत की जांच कर रहे हैं।

## ईपीएस-95 पेंशन बढ़ाने की मांग : सांसद श्रीरंग बारणे ने लोकसभा में उठाया मुद्दा



**नई दिल्ली।** शिवसेना सांसद श्रीरंग अप्पा बारणे ने केंद्र सरकार से ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन 1,000 से बढ़ाकर 9,000 रुपये करने की मांग की है। उन्होंने सरकार से कोश्यारी समिति की रिपोर्ट लागू करने का आग्रह किया।

### लोकसभा में विशेष उल्लेख के तहत मुद्दा उठाया

बारणे ने कहा कि देश में 67 लाख ईपीएस-95 पेंशनधारक हैं, जिन्हें मात्र 1,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है।

उन्होंने इसे महंगाई के इस दौर में अत्यंत अपर्याप्त बताया और कहा कि इतनी कम राशि में जीवन यापन मुश्किल है। ईपीएस-95 पेंशनधारकों ने पहले भी जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया।

### कोश्यारी समिति की रिपोर्ट लागू करने की मांग

कोश्यारी समिति ने ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की सिफारिश की थी, लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया। बारणे ने केंद्र सरकार से तत्काल 9,000 रुपये मासिक पेंशन देने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

# बेलगाम चालकों से 6 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

**▸▸ ऑटो, दोपहिया और एंबुलेंस पर कार्रवाई**

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने मीरा-भाइंदर नगर निगम क्षेत्र में बेलगाम और बदसलूक चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। खासतौर पर वे ऑटो रिक्शा चालक जो यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं, बहस करते हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। अब तक 119 वाहनों—69 रिक्शा, 17 दोपहिया और 11 एंबुलेंस—पर कुल 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक नियमों का पालन नहीं होता



इस अभियान के चलते वाहन चालक चिंतित हैं, क्योंकि ठाणे आरटीओ ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी जब तक सभी चालक अनुशासन में नहीं आ जाते।

### निरीक्षण अभियान और भारी जुर्माना

गुरुवार को भाईंदर शहर के बालाजी नगर क्षेत्र में ठाणे आरटीओ की टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच की। प्रत्येक अनियमित वाहन पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान 119 वाहनों से कुल 6 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### शिकायतों के बाद सख्त कदम

ठाणे के उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित पाटील के अनुसार, मीरा-भाइंदर क्षेत्र में निजी वाहनों और ऑटो रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लेकिन इसके साथ ही यात्रियों से अधिक किराया वसूलने और यातायात नियमों की अनदेखी की शिकायतें भी बढ़ी हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में कार्रवाई शुरू की गई।

### रिक्शा चालकों को दिए गए निर्देश

रिक्शा स्टैंड पर सभी चालकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने वाहन सही तरीके से पार्क करें और नियमों का पालन करें। इस पूरी कार्रवाई को मोटर वाहन निरीक्षक विजय सोलसे, प्रवीण खेडकर, नितिन जाधव, विनोद सुंदरानी, सम्राट कांबले, हरीश पवार और सहायक मोटर वाहन निरीक्षक अधिकारियों ने अंजाम दिया।

# 7 साल के बच्चे का अपहरण

**▸▸ पुलिस ने महज 3 घंटे में किया रेस्क्यू**

**▸▸ 2 करोड़ की फिरौती की मांग, 4 आरोपी हिरासत में**

**डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली**



डोंबिवली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 7 साल के बच्चे को 2 करोड़ रुपये की फिरौती के लिए अगवा कर लिया गया। सुबह स्कूल जाते समय रिक्शा चालक ने सुनियोजित तरीके से बच्चे का अपहरण किया।



### पुलिस की त्वरित कार्रवाई, बच्चा सुरक्षित बरामद

मानपाड़ा पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की। पांच अलग-अलग जांच टीमों का गठन किया गया और तकनीकी विश्लेषण के जरिए आरोपियों का पता लगाया गया। महज साढ़े तीन घंटे में पुलिस ने बच्चे को ठाणे जिले के शहापुर से सुरक्षित बचा लिया।

### रिक्शा चालक समेत 4 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस जांच में सामने आया कि रिक्शा चालक वीरेन पाटिल (25) ने पहले से इस वारदात की योजना बनाई थी। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति और दो नाबालिगों को भी हिरासत में लिया गया है। अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

कल्याण मंडल 3 के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कादबाने और उनकी टीम ने बेहतरीन काम किया। परिजनों ने पुलिस की मुस्तैदी और तत्परता के लिए आभार व्यक्त किया।

## मुंबई में पकड़ा गया बांग्लादेशी घुसपैठिया, फर्जी पासपोर्ट मामले में बड़ा खुलासा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

नागपुर से मुंबई पहुंचे बांग्लादेशी घुसपैठिए अजीजुल रहमान से क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नागपुर से पासपोर्ट बनवाया था। अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं



कि उसे यह पासपोर्ट किसने बनवाने में मदद की और इसका मकसद क्या था।

### क्राइम ब्रांच की जांच में अहम खुलासे

फर्जी पासपोर्ट : आरोपी ने कुछ साल पहले नागपुर से फर्जी पासपोर्ट बनवाया था।

नागपुर हिंसा से इनकार : पूछताछ में आरोपी ने नागपुर हिंसा से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है।

मुंबई आने की वजह संदिग्ध : आरोपी नागपुर में पिछले 7 साल से रह रहा था, लेकिन हिंसा के बाद वह मुंबई क्यों भागा और आगे कहां जाने वाला था, इसकी जांच जारी है।

साथी घुसपैठियों की तलाश : क्राइम ब्रांच यह भी पता लगा रही है कि आरोपी के साथ और कितने लोग नागपुर से मुंबई आए और वे फिलहाल कहां हैं।

### नागपुर पुलिस के संपर्क में क्राइम ब्रांच

मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी इस मामले को लेकर नागपुर पुलिस से लगातार संपर्क में हैं। अब जांच इस दिशा में बढ़ रही है कि आरोपी के अन्य संपर्क कौन-कौन से हैं और क्या इस मामले में कोई बड़ा गिरोह शामिल है।

# कुख्यात अपराधी जाफर ईरानी सुपुर्द-ए-खाक

**▸▸ इलाके में तनाव, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

महाराष्ट्र के कल्याण के आंबिवली इलाके के ईरानी बस्ती निवासी कुख्यात अपराधी जाफर गुलाम ईरानी (27) बुधवार को चेन्नई पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, जाफर ईरानी चेन स्नेचिंग और लूट के कई मामलों में वांछित था। जाफर का शव चेन्नई में पोस्टमार्टम के बाद उसके परिवार को सौंप दिया गया। शुक्रवार सुबह उसका शव विमान से कल्याण लाया गया, जिसके बाद आंबिवली की बनेली दफनभूमि में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान ईरानी बस्ती में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए, जिससे इलाके में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई।

### चेन्नई में पुलिस मुठभेड़, दो साथी गंभीर रूप से घायल



25 मार्च को जाफर और उसके दो साथियों ने चेन्नई में एक ही दिन में छह चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दिया और 10 किलो सोना लूटकर भागने की फिराक में थे। वे हवाई मार्ग से हैदराबाद होते हुए दिल्ली भागने की योजना बना रहे थे, लेकिन चेन्नई पुलिस ने समय रहते एयरपोर्ट पर उसे पकड़ लिया। 26 मार्च को पुलिस हिरासत में जाफर ने एक इंस्पेक्टर पर हमला कर भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने मुठभेड़ में उसे मार गिराया। इस दौरान उसके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### जमानत पर रिहा हुआ था जाफर, एमसीओ-सीए के तहत हो चुकी थी गिरफ्तारी

गौरतलब है कि जाफर के खिलाफ ठाणे और अन्य शहरों में चेन स्नेचिंग और लूटपाट के कई मामले दर्ज थे। उसे ठाणे पुलिस ने महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज़्ड क्राइम एक्ट (MCOCA) के तहत गिरफ्तार किया था, लेकिन आठ महीने पहले जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

### परिवार ने मुठभेड़ पर उठाए सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

जाफर के परिवार का कहना है कि चेन्नई पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद उन्हें सूचित किया था कि उसे अगले दिन अदालत में पेश किया जाएगा, लेकिन अचानक उसकी मुठभेड़ में मौत की सूचना दी गई। परिवार ने जाफर की मौत पर सवाल उठाते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामले को लेकर अब मानवाधिकार संगठनों की प्रतिक्रिया पर भी नजरें टिकी हुई हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने 560 गौशालाओं को दिया 25 करोड़ 44 लाख का अनुदान

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की 560 गौशालाओं को 25 करोड़ 44 लाख रुपये का अनुदान दिया है। यह अनुदान देशी गोवंश परिपोषण योजना के तहत जनवरी, फरवरी और मार्च के लिए प्रदान किया गया है।


### मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया ऑनलाइन हस्तांतरण



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गौशालाओं के बैंक खातों में सीधे अनुदान राशि जमा की। इस अवसर पर महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष शेखर मुंदडा, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, और पशुसंवर्धन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### गौशालाओं के लिए अनुदान पाने की शर्तें

- महाराष्ट्र गोसेवा आयोग में पंजीकरण अनिवार्य।
- देशी गायों का भारत पशुधन प्रणाली में पंजीकरण आवश्यक।
- ईयर टैगिंग वाले गोवंश ही अनुदान के पात्र।



### गौ पालन को व्यवसायिक रूप से लाभकारी बनाने की पहल

सरकार ने स्वीकार किया कि देशी गायों का पालन आर्थिक रूप से लाभकारी नहीं होता, इसलिए इस योजना के माध्यम से गौशालाओं को वित्तीय सहायता दी जा रही है।

### प्रति गाय 50 रुपये प्रतिदिन का अनुदान

सरकार ने 56,569 गायों के लिए प्रति दिन प्रति गाय 50 रुपये की दर से यह अनुदान जारी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देशी गोवंश का संवर्धन समय की जरूरत है, जिससे ग्रामीण विकास को भी गति मिलेगी।

## सुरक्षा रक्षकों के पंजीयन के लिए अधिवास प्रमाणपत्र अनिवार्य

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

राज्य सरकार ने सुरक्षा रक्षक मंडल में सुरक्षा रक्षकों के पंजीयन के लिए कार्यप्रणाली और अन्य मापदंडों को निश्चित किया है। सुरक्षा रक्षक के रूप में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 साल और अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए। अभ्यर्थियों को कक्षा 12 वीं पास होना आवश्यक होगा। अभ्यर्थी के पास महाराष्ट्र राज्य का अधिवास प्रमाणपत्र होना अनिवार्य होगा। राज्य के श्रम विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। इसके अनुसार सुरक्षा रक्षकों का मंडलों के कार्यक्षेत्र में ऐच्छिक तबादला रिक्त पदों पर किया जा सकेगा। सुरक्षा रक्षक पद के लिए पुरुष अभ्यर्थी की उंचाई 165 सेमी और वजन 50 किमी होना चाहिए। जबकि महिला अभ्यर्थी की उंचाई 158 सेमी और वजन 45 किमी होना चाहिए। अभ्यर्थियों को 100 अंकों की मैदान परीक्षा में 50 अंक हासिल करना अनिवार्य होगा। एमएससीआईटी और एनसीसी प्रमाणपत्र हासिल करने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम अतिरिक्त 10 अंक प्रदान किए जा सकेंगे। सरकारी अस्पतालों से स्वास्थ्य और चरित्र पड़ताल प्रमाणपत्र के बाद गुणवत्ता सूची प्रकाशित की जाएगी। स्वास्थ्य जांच में शारीरिक बीमारी के बारे में पता चलने पर अभ्यर्थी को अपात्र घोषित कर दिया जाएगा.

# बीएमसी के पूर्व इंजीनियर की पुनर्नियुक्ति याचिका खारिज

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई महानगर पालिका (BMC) के पूर्व इंजीनियर विराज शामराव पाटिल की पुनर्नियुक्ति की याचिका खारिज कर दी। हालांकि, अदालत ने बीएमसी को 45 दिनों के भीतर ग्रेच्युटी और भविष्य निधि जैसी लंबित वैधानिक बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया।

### याचिका और कोर्ट का फैसला

पाटिल ने 3 जुलाई 2020 को स्वेच्छा से इस्तीफा दिया था, जिसे 29 सितंबर 2020 को स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने 23 नवंबर 2020 को इस्तीफा वापस लेने का आवेदन किया। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति अश्विन भोबे की पीठ ने स्पष्ट किया कि इस्तीफा स्वीकार होने के 54 दिन बाद वापसी का आवेदन किया गया, जो नियमानुसार मान्य नहीं है। अदालत ने पाटिल के उस तर्क को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार के पुन: नियुक्ति संबंधी सरकारी संकल्प (जीआर) का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि यह जीआर बीएमसी कर्मचारियों पर लागू नहीं होता।

### कोर्ट का निष्कर्ष

पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने इस्तीफा स्वेच्छा से दिया था, और नोटिस अवधि पूरी करने के बाद उसे विधिवत स्वीकार कर लिया गया। पुनर्नियुक्ति की कोई वैध कानूनी आधार नहीं है, इसलिए याचिका पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, बीएमसी को 45 दिनों के भीतर वैधानिक बकाया राशि का भुगतान करने का आदेश दिया गया।

# चेटीचंड महाबाइक रैली का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड महापर्व के उपलक्ष्य में आज, शनिवार 29 मार्च 2025, को महाबाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली सुबह 10 बजे उल्हासनगर-1 स्थित रिजेंसी एंटीलिया से शुरू होकर उल्हासनगर-5 जय झूलेलाल प्रवेश द्वार तक जाएगी।



### रैली का मार्ग

रैली रिजेंसी एंटीलिया से निकलकर बिर्ला गेट, उल्हासनगर-1 बस स्टैंड, गोल मैदान निरंकारी हॉल, नेहरू चौक, फर्नीचर बाजार, शिवाजी चौक, शास्त्री चौक सेक्शन 17, हीरा घाट, पवाई चौक, उल्हासनगर-4 मेन बाजार, शहीद हेमू कालानी चौक सेक्शन 25, नेताजी चौक, गांधी रोड, उल्हासनगर-5 मुख्य बाजार, चालाही साहेब, दूध नाका होते हुए कैलाश कॉलोनी स्थित जय झूलेलाल प्रवेश द्वार पर संपन्न होगी।

### सिंधी समाज से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील

हर वर्ष की तरह इस बार भी चेटीचंड महापर्व से एक दिन पूर्व यह भव्य महाबाइक रैली निकाली जा रही है। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य महेश सुखरामानी, भारत गंगोत्री, शंकर नागरानी, हीरो बोधा, अनिल बठिजा, सोनू विशनानी आदि ने सिंधी समाज के सभी सामाजिक संस्थाओं, व्यापारी संघटन, वरिष्ठ नागरिकों, डांस क्लब, योगा क्लब, कोरेके क्लब, सिंधी कलाकारों और सिंधी समाज के सभी भाई-बहनों से इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## कल्याण-कटाई नाका रोड पर बिजली के खंभे हटाने की जिम्मेदारी एमएमआरडीए की

**▸▸ महावितरण की ओर से निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई**

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण से शिलफाटा होते हुए कटाई नाका तक 10 किलोमीटर लंबे मार्ग पर मेट्रो और अन्य निर्माण कार्यों के चलते यातायात बाधित हो रहा है।

इस मार्ग पर बिजली के खंभों और तारों को स्थानांतरित करने की जिम्मेदारी एमएमआरडीए (मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की है।

### महावितरण ने अप्रैल 2024 में दी थी मंजूरी



एमएमआरडीए द्वारा खंभों को हटाने के प्रस्ताव को 1.3% डीडीएफ योजना के तहत अप्रैल 2024 में महावितरण द्वारा स्वीकृति दी गई थी। मई 2024 में इस कार्य के लिए बजट भी मंजूर किया गया था। इसके बाद, एमएमआरडीए को ठेकेदार नियुक्त कर कार्य को पूरा करना था, लेकिन अब तक यह प्रक्रिया लंबित है।

### ठेकेदार की नियुक्ति में देरी से बढ़ रही परेशानी

एमएमआरडीए को निविदा प्रक्रिया के तहत ठेकेदार नियुक्त कर बिजली के खंभों और केबलों को स्थानांतरित करना था। हालांकि, बार-बार याद दिलाने के बावजूद अब तक कोई ठेकेदार नियुक्त नहीं किया गया, जिससे यातायात बाधित हो रहा है।

### महावितरण को अनावश्यक रूप से ठहराया जा रहा दोषी

इस पूरे मामले में महावितरण केवल कार्य की देखरेख के लिए जिम्मेदार है, लेकिन यातायात की समस्याओं के लिए उसे दोषी ठहराया जा रहा है। महावितरण का कहना है कि वह लगातार इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए नजर बनाए हुए है और एमएमआरडीए से अपेक्षा करता है कि वह जल्द से जल्द ठेकेदार नियुक्त कर कार्य शुरू करे।

# पुलिस ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग रैकेट का किया भंडाफोड़

### मामले में दो लोगों को किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई क्राइम ब्रांच में मुंबई में चल रहे एक ह्यूमन ट्रैफिकिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया है क्राइम ब्रांच ने बताया कि आरोपी नाबालिग समेत कम उम्र की लड़कियों से वैश्य व्यवसाय करते थे और इसके जरिये मोटी रकम कमाते थे। क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस मामले में जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम आफताब आलम अंसारी और हरिलाल बंधु चौधरी हैं।



### पीड़ित महिलाओं को भेजा गया पुनर्वास केंद्र

पुलिस ने इस मामले में एक 16 साल की नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया। इसके अलावा, 4 और महिलाओं को रेस्क्यू किया जिनकी उम्र 22, 28, 21 और 20 साल है। रेस्क्यू की गई सभी 5 पीड़ित महिलाओं को देवनार महिला पुनर्वास केंद्र भेज दिया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली कि चेंबूर इलाके में ह्यूमन ट्रैफिकिंग करने वाली महिलाओं से वैश्या व्यवसाय चलवा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपी ग्राहकों की मांग के आधार पर नाबालिगों सहित कम उम्र की युवतियों की तस्करी विभिन्न होटलों, लॉज और गेस्ट हाउस में करते थे।

### होटल में की गई लड़कियों की डिलीवरी की व्यवस्था

एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने एक फर्जी ग्राहक उस एजेंट के पास भेजा और नाबालिगों सहित लड़कियों से देह व्यापार के लिए अनुरोध किया। फोन पर वित्तीय बातचीत के बाद, एजेंट तैयार हुआ और मुंबई के चेंबूर इलाके में स्थित एक होटल में लड़कियों की डिलीवरी की व्यवस्था की गई।

होटल में आरोपी आफताब अंसारी और हरिलाल चौधरी पांच युवतियों के साथ पहुंचा। जब पैसे का लेन-देन चल रहा था, तभी पुलिस ने छापा मारकर उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया।

### सभी महिलाओं को बचाया गया

दोनों एजेंट को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और नाबालिग समेत सभी पांचों महिलाओं को बचा लिया गया। मेडिकल जांच के बाद उन्हें देवनार महिला पुनर्वास केंद्र भेज दिया गया।

पुलिस अब इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के साथ ही तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच कर रही है।

### मांग के आधार पर ले जाया जाता था होटल

सूत्रों ने बताया कि आरोपी एक महिला के लिए लिए 15-20 हजार रुपये चार्ज करते थे। पीड़ित अलग अलग राज्यों से मुंबई लाई गई और उन्हें नवी मुम्बई से रखा जाता था। वहां से ग्राहकों की मांग के आधार पर अलग-अलग होटल ले जाया जाता था।

गिरफ्तार दलालों ने कई बार और एजेंट्स को अपना नंबर दे रखा था जिससे जहां भी कहीं अगर कोई महिला की मांग करे तो उन्हें फ़ोन आये। और जैसे ही उन्हें कोई संपर्क करता था ये लोग उसे लड़कियों की लिस्ट दिखाते थे और उसकी पसंद के मुताबिक लड़की को होटल या लॉज भेजा जाता था।

# ऊर्दू भाषा में नहीं दिए गए गवाहों के बयान

### हाईकोर्ट ने हिरासत आदेश किया रद्द

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक आरोपी की हिरासत को रद्द कर दिया, यह कहते हुए कि उसे गवाहों के बयानों की प्रति उसकी समझ की भाषा (उर्दू) में नहीं दी गई, जिससे उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ। इस आदेश की प्रति शुक्रवार को उपलब्ध हुई।



### क्या कहा कोर्ट ने?

जस्टिस सारंग कोटवाल और एसएम मोदक की खंडपीठ ने 21 मार्च 2025 को दिए अपने फैसले में कहा कि चूंकि गवाहों के बयान उस भाषा में नहीं दिए गए, जिसमें आरोपी पारंगत है, इसलिए वह हिरासत आदेश को सही तरीके से चुनौती नहीं दे सका। यह फैसला मोहम्मद यूसुफ द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें उन्होंने अपने बेटे शाहबाज अहमद की नासिक जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जुलाई 2024 में जारी हिरासत को चुनौती दी थी।

### अदालत की टिप्पणी

पीठ ने कहा कि पूरी कार्यवाही मराठी में हुई थी, और शाहबाज को हिरासत आदेश का उर्दू अनुवाद दिया गया था, लेकिन गवाहों के बयान उर्दू में नहीं दिए गए। इससे आरोपी को प्रभावी रूप से अपनी रक्षा करने से रोका गया, जो कि संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

### न्यायालय का आदेश

कोर्ट ने हिरासत आदेश को रद्द करते हुए कहा कि प्रक्रिया में पारदर्शिता और आरोपी के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है कि उसे उसके समझ की भाषा में कानूनी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं।

# कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल शुरू, जिलेवार निरीक्षकों की नियुक्ति

### पार्टी को मजबूत करने की कवायद, 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपेंगे निरीक्षक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कांग्रेस पार्टी ने संगठन को नई मजबूती देने के लिए संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने शुक्रवार को जिलेवार निरीक्षकों की नियुक्ति की। इन निरीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर पार्टी संगठन में बड़े बदलाव किए जाएंगे।



### मंडल से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक बदलाव

फेरबदल की इस प्रक्रिया में मंडल से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक कांग्रेस संगठन को नया रूप देने की योजना बनाई गई है। रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां की जाएंगी और जहां आवश्यक होगा, वहां नए चेहरों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

### तिलक भवन में हुई अहम बैठक

इस संबंध में नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय तिलक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने की, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव बी.एम. संदीप, कुणाल चौधरी, प्रफुल गुड्डे पाटिल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कुणाल पाटिल, प्रदेश उपाध्यक्ष (संगठन एवं प्रशासन) एडवोकेट गणेश पाटिल और मोहन जोशी भी मौजूद रहे।

### निरीक्षकों को 15 दिनों में सौंपनी होगी रिपोर्ट

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने निरीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। सभी निरीक्षक अपने-अपने जिलों का दौरा करेंगे, कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे और 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंपेंगे।

निरीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर पार्टी संगठन में व्यापक परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू करेगी। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि यह फेरबदल पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती देने में मदद करेगा।

# सड़क पर नमाज पर रोक, कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने जताई आपत्ति

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

उत्तर प्रदेश के मेरठ में जुमे की नमाज सड़क पर पढ़ने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले पर महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद हुसैन दलवई ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस निर्णय को मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश बताया।



### क्या सिर्फ नमाज ही सड़क पर होती है?: हुसैन दलवई

दलवई ने सवाल उठाते हुए कहा, ३क्या सिर्फ नमाज ही सड़क पर होती है? महाकुंभ के दौरान एक महीने से ज्यादा सड़कें बंद रहीं, क्या हमने उसका विरोध किया?३ उन्होंने तर्क दिया कि हर धर्म के त्योहारों में लोग सड़कों पर उतरते हैं, और नवरात्र के दौरान भी ऐसा ही होगा। दलवई ने कहा कि मस्जिदों में जगह की कमी के कारण लोग मजबूरी में सड़क पर नमाज अदा करते हैं और इस पर प्रतिबंध लगाना अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला ३सिर्फ मुसलमानों को टारगेट करने की कोशिश३ है।

# प्रशांत कोरटकर की पुलिस कस्टडी दो दिन बढ़ी

### कोल्हापुर कोर्ट का फैसला, भारी सुरक्षा में पेशी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

छत्रपति शिवाजी महाराज पर आपत्तिजनक बयान देने और इतिहासकार इंद्रजीत सावंत को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार प्रशांत कोरटकर की पुलिस कस्टडी को कोल्हापुर जिला कोर्ट ने दो दिन के लिए बढ़ा दिया है। शुक्रवार को उन्हें भारी पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।



### आरोपित के वकील ने किया विरोध

प्रशांत कोरटकर के वकील सौरभ घाग ने पुलिस की मांग का विरोध करते हुए कहा कि जांच पूरी हो चुकी है, कोरटकर की तबीयत ठीक नहीं है और उनके परिवार की जिम्मेदारी भी उन पर है। इसके अलावा, पुलिस पहले ही उनकी आवाज़ का सैंपल ले चुकी है, इसलिए आगे कस्टडी बढ़ाने की जरूरत नहीं है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोल्हापुर जिला कोर्ट ने आरोपित की पुलिस कस्टडी दो दिन के लिए बढ़ाने का आदेश दिया।

### पुलिस ने मांगी थी पांच दिन की कस्टडी

कोरटकर की पहले दी गई तीन दिन की पुलिस कस्टडी समाप्त होने के बाद आज सुबह उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सरकारी वकील सूर्यकांत पोवार और इतिहासकार इंद्रजीत सावंत के वकील असीम सरोदे ने दलील दी कि आरोपित पिछले एक महीने से फरार था और इस दौरान उसे किसने और किस उद्देश्य से सहायता दी, इसकी जांच जरूरी है। साथ ही, पुलिस को कोरटकर से पूछताछ कर अन्य संभावित सहयोगियों की पहचान करनी है, इसलिए उनकी पुलिस कस्टडी पांच दिन के लिए बढ़ाई जानी चाहिए।

**मध्य रेल**

**जंग की मरम्मत**

**निविदा सूचना क्र.:**
**आरआर/पीआर/डब्ल्यूसी/2005/24-25/111**

**कार्य का विवरण:** सीमेंस कोचों में जंग की मरम्मत। **मात्रा:** दर अनुसूची के अनुसार। **निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि: 23.04.2025, 12:00 बजे तक।** निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता(I), माटुंगा** 867

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**बाहरी सिग्नलिंग उपकरण**

**निविदा सूचना क्र. : डीआर.एन.सी. एसएंडटी.टेंडर.2025.01 दि. 27.03.2025**

**कार्य का नाम उस के स्थान के साथ :** पनवेल में बाहरी सिग्नलिंग उपकरण की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशन का कार्य, केंद्रीय रेलवे के मुंबई डिवीजन में पनवेल-कलंबोली कोचिंग टर्मिनस। के कार्य से संबंधित है। **कार्य की औसत लागत :** रु. 5,63,44,041.63/- **जमा की जाने वाली बयाना रकम :** रु. 4,31,700.00/- **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 17.04.2025 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 17.04.2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड जहाँ से पूर्ण विवरण आदि देखे जा सकते हैं :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), तिलक पुल के पास, मध्य रेल, दादर, मुंबई - 400028 का कार्यालय। संशोधन (यदि हुआ) केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा। 869

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

# 'मानसून से पहले पूरा करो सीसी रोड का काम'

### अतिरिक्त मनपा आयुक्त का आदेश

धीरज सिंह | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र में सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए सीमेंट-कंक्रीट सड़कों का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। अतिरिक्त मनपा आयुक्त (परियोजना) अभिजीत बांगर ने सभी संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिया है कि 31 मई 2025 से पहले यह कार्य पूरा कर लिया जाए।



### सूचना बोर्ड और क्यूआर कोड से पारदर्शिता

नागरिकों को जानकारी देने के लिए कार्य स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिनमें विस्तृत विवरण दिया गया है। साथ ही, 'क्यूआर कोड' स्कैन करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे लोग परियोजना की स्थिति जान सकें। बांगर ने स्वयं अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर इसकी सत्यता की जांच की।

### औचक निरीक्षण और कड़े निर्देश

शुक्रवार रात अतिरिक्त आयुक्त बांगर ने मालाड पश्चिम और कांदिवली पश्चिम में चल रहे सीसी रोड कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यदि संपूर्ण कार्य समय सीमा में पूरा करना संभव नहीं हो तो इसे जंक्शन से जंक्शन तक पूरा किया जाए ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके।

### लापरवाही पर कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान बांगर ने मालाड के दादीसेठ रोड और मालाड शॉपिंग सेंटर के पास सड़क खुदाई अधूरी पाए जाने और एक तरफ ही बैरिकेड्स लगाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सड़क पर खुले चेंबर को खतरनाक स्थिति में पाकर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।

### इंजीनियरों की जिम्मेदारी तय

उन्होंने स्पष्ट किया कि हालांकि कार्य की ज़िम्मेदारी ठेकेदार की होती है, लेकिन उस पर नियंत्रण रखना इंजीनियरों का दायित्व है। सभी संबंधित इंजीनियरों को कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर गुणवत्ता की निगरानी करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### पूर्ण हुए कार्यों पर अतिरिक्त निर्देश

बांगर ने निर्देश दिया कि जिन सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, वहां थर्मोप्लास्टिक मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग, कैट आई और चौराहों पर पीले थर्मोप्लास्टिक ग्रिड लगाए जाएं, जिससे यातायात की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**स्वास्थ्य विभाग**

के. बी. भाभा अस्पताल, आर. के. पाटकर मार्ग, बांद्रा (पश्चिम), मुंबई-400050.
संख्या. एचओ/16854/केबीबी दिनांक 28.03.2025.

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (एमसीजीएम) के आयुक्त इस लाइन में काम करने वाले पात्र ठेकेदारों/विक्रेताओं से बोलियाँ आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा विवरण निम्नानुसार हैं।

| क्र. सं. | पैरामीटर | विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई- टेंडर/बोली संख्या | **2025_MCGM_1165831** | |
| 2 | विभाग | परिधीय अस्पताल | |
| 3 | ई-टेंडर का विषय | के.बी.भाभा अस्पताल, बांद्रा (पश्चिम) में सीएमएस और एचओडी (एसएचसीएस) के स्थापना और प्रशासनिक विभाग की भंडारण क्षमता और बैठने की व्यवस्था का जीर्णोद्धार कार्य। | |
| 4 | संपर्क विवरण | उप चिकित्सा अधीक्षक<br>दूरभाष 022 26422775 एक्सटेंशन 4506<br>ईमेलः bhabha.bandra@yahoo.com | |
| 5 | महत्वपूर्ण तिथियाँ | विवरण | दिनांक/समय |
| | | ऑनलाइन ई-टेंडर डाउनलोड करने की आरंभ तिथि | 29.03.2025 @11.00 बजे |
| | | ऑनलाइन ई-टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि | 05.04.2025 को 11.00 बजे तक। |

ई-टेंडर महा ई-टेंडर www.mahaetender.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है या हमें 022 26422775 एक्सटेंशन 4506 पर कॉल किया जा सकता है।

दिनांकः 28.03.2025
स्थानः मुंबई।
पीआरओ/2952/विज्ञा./2024-25

हस्ता/-
उप चिकित्सा अधीक्षक
के.बी. भाभा अस्पताल, बांद्रा (पश्चिम)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# मानव तस्करी पर अंकुश

हरियाणा विधानसभा के मौजूदा सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी पहल हुई हैं, जो एक लोककल्याणकारी सरकार की प्राथमिकताएं सुनिश्चित करती हैं। इसमें किसानों को नकली इनपुट से सुरक्षा कवच देना भी सराहनीय कदम रहा है। वहीं हाल ही में सुनहरे भविष्य की आकांक्षा लेकर विदेश जाने वाले युवाओं की हितरक्षा में उठाये गए कदम निश्चय ही सराहनीय हैं। हरियाणा के मौजूदा विधानसभा सत्र में हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वक्त की सख्त जरूरत भी थी। ट्रैवल एजेंसियों के पंजीकरण को अनिवार्य करना और उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान उम्मीद जगाता है कि अब विदेश जाने वाले लोगों के साथ होने वाली धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा। इस कानून का उल्लंघन करने पर सात साल की कैद और पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से सरकार ने अपने नागरिकों को धोखे और मानव तस्करी से बचाने के लिये एक आवश्यक कदम उठाया है। लगातार होने वाले आव्रजन घोटालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के मद्देनजर, इस कानून की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। लेकिन जहां सख्त कानून का सही ढंग से क्रियान्वयन इस दिशा में सफलता सुनिश्चित करेगा, वहीं इसके लिये जन जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है। साथ ही प्रभावी प्रवर्तन के साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि लोग अनधिकृत एजेंटों के चक्रव्यूह में न फंसें। वास्तव में यह विधेयक एक महत्वपूर्ण कदम तो है, लेकिन इसे बेरोजगारी को दूर करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा भी होना चाहिए। यदि हम राज्य के युवाओं के लिये अपने देश में बेहतर रोजगार के अवसर पैदा कर सकें तो युवाओं को फिर अपने सपने पूरे करने के लिये विदेश जाने की जरूरत ही नहीं होगी। निस्संदेह, कोई भी व्यक्ति अपना घर-परिवार, अपना धार्मिक-सांस्कृतिक परिवेश छोड़कर परदेश नहीं जाना चाहता। लेकिन जब आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार के अवसर नहीं मिलते तो ही वह मजबूरी में विदेश जाने की लालसा रखता है।यह एक निर्विवाद सत्य है कि बेहतर रोजगार की स्थितियां हमारे शैक्षिक वातावरण पर भी निर्भर करती हैं। यदि हम परंपरागत शिक्षा से इतर रोजगार व कौशल विकास की शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं तो स्थिति बदल सकती है। इसके लिये जरूरी है कि राज्य में रोजगारपरक शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाया जाए। इस दिशा में गंभीर प्रयासों की सख्त जरूरत है। उम्मीद की जा रही थी कि विधानसभा सत्र में राज्य में सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिये उत्साहजनक पहल की जाएगी। इस मुद्दे को प्राथमिकताओं में शामिल करके इस बार गंभीर बहस होगी। दरअसल, हाल के दिनों में कई स्कूलों के भवनों की स्थिति व सुरक्षा आदि को लेकर अभिभावक चिंता जताते रहे हैं। हर अभिभावक चाहता है कि सरकारी स्कूलों में बेहतर साफ-सफाई, शौचालयों और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें। दरअसल, देखने में आया है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में छात्रों की संख्या जितनी अधिकता में है, उस अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान तो खींचा, लेकिन अन्य राजनीतिक मुद्दों में उलझाव के चलते शिक्षा के मुद्दे पर वैसे गंभीर बहस नहीं हो पायी , जैसी अपेक्षित थी। वैसे सरकार की तरफ से इस बाबत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट आवंटन और भविष्य में सुधार का आश्वासन तो दिया गया, लेकिन इन वायदों का हकीकत में बदलना भी उतना ही जरूरी है। ये नौकरशाही का भी दायित्व बनता है कि छात्र सुरक्षित परिस्थितियों में अध्यापन करें। निस्संदेह, नौकरशाही की अक्षमताएं प्रगति के मार्ग में बाधा बनती हैं। जरूरत इस बात की भी है कि हमारी शिक्षा वक्त की जरूरतों के साथ जुड़ी हो। ताकि छात्र विदेशों में रोजगार तलाशने की बजाय अपने रोजगार खुद सृजित कर सकें। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन होगा। शिक्षा व्यवस्था छात्र छात्राओं की मौलिक प्रतिभा का न केवल विकास करे, बल्कि उसका संवर्धन भी करे। भारत युवाओं का देश है। युवाओं की क्षमताओं व योग्यता का न्यायसंगत उपयोग होना चाहिए।

# उ. कोरिया का आत्मघाती ड्रोन व भारत की चिंता

उत्तर कोरिया ने रूस से पहले टोही ड्रोन मंगाया। उद्देश्य सीमाओं पर निगरानी का था। आत्मघाती ड्रोन, जिसे 'लोइटरिंग म्यूनिशन' के नाम से भी जाना जाता है, तब तक हवाई क्षेत्र में 'घूमने' या कब्ज़ा करने में सक्षम होता है, जब तक कि कोई लक्ष्य दिखाई न दे। इस सप्ताह परीक्षण किए गए नए 'सैटब्योल-4' संस्करण में पिछले मॉडल की तुलना में लंबे पंख हैं। उत्तर कोरियाई लड़ाकू ड्रोन आखिरी बार पिछले साल नवंबर में एक हथियार प्रदर्शनी में सार्वजनिक रूप से दिखाई दिया था। गोकि, उत्तर कोरिया के सैन्य सम्बन्ध पाकिस्तान से भी काफी पुराने हैं, समय-समय पर इस्लामाबाद के मिसाइल प्रोग्राम में फ्योंगयांग की मदद दिखाई देती रहती है, चुनांचे चिंता दिल्ली को भी होनी चाहिए। गुरुवार को उत्तर कोरियाई तानाशाह किम ने भूमि और समुद्र पर लक्ष्यों को ट्रैक करने में सक्षम उन्नत टोही ड्रोन का निरीक्षण किया, साथ ही हाल ही में अनावरण किए गए एयरबोर्न अर्ली-वार्निंग (एईडब्ल्यू) विमान का भी निरीक्षण किया। उत्तर कोरिया अपने मौजूदा भूमि-आधारित रडार सिस्टम को बढ़ा रहा है। कोरियन सेन्ट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) द्वारा प्रकाशित तस्वीरों के अनुसार, उन्हें रडार डोम वाले एक बड़े चार इंजन वाले विमान की जांच करते देखा गया, जिसके बारे में माना जाता है कि यह एक संशोधित रूसी आईएल-76 कार्गो विमान है। परीक्षण के दौरान प्राप्त तस्वीरों में फिक्स्ड-विंग आत्मघाती ड्रोन को अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई टैंकों, बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों और मिसाइल लॉन्च वाहनों के मॉकअप पर हमला करते हुए दिखाया गया है। राज्य मीडिया ने ड्रोन की उपस्थिति को अस्पष्ट करने के लिए उन्हें पिक्सेल किया। लेकिन जिस तरह अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई टैंकों, बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों के मॉडल पर यह परीक्षण किया गया, उसने अमेरिका की परेशानी बढ़ा दी है।

उत्तर कोरिया ने साल 2024 में फ्योंगयांग में आयोजित हथियार एक्सपो में उत्तर कोरिया ने छह हमलावर ड्रोन दिखाए, जो इस्राइल और तुर्की के डिजाइनों की नकल करते थे।दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिन वोन-सिक ने नवंबर 2024 में कहा था कि मॉस्को ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में मदद के लिए सैनिकों को तैनात करने के बदले में प्योंगयांग को एंटी-एयर मिसाइल और अनिर्दिष्ट वायु रक्षा उपकरण प्रदान किए थे। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अनुसार, शुरू में रूस को भेजे गए 11,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों में से लगभग 4,000 मारे गए, या घायल हो गए। यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों ने ड्रोन युद्ध में भाग लिया था, जिससे उन्हें युद्ध के मैदान का बहुमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ। वाणिज्यिक उपग्रह इमेजरी का उपयोग करते हुए, विश्लेषकों ने पहले बता दिया था कि उत्तर कोरिया एक रूसी निर्मित आईएल-76 कार्गो



विमान को पूर्व-चेतावनी भूमिका के लिए परिवर्तित कर रहा था। उत्तर कोरियाई न्यूज़ एजेंसी 'केसीएनए' ने गुरुवार को कहा कि किम ने टोही, खुफिया जानकारी जुटाने, इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग और हमला प्रणालियों के लिए नए विकसित उपकरणों का अलग से निरीक्षण किया। तस्वीरों में फिक्स्ड-विंग यूएवी को टैंक के आकार के लक्ष्य पर निशाना साधते हुए दिखाया गया और फिर आग की लपटों में विस्फोट हो गया। परीक्षण के दौरान यूएस आरक्यू-4 ग्लोबल हॉक के टरमैक पर खड़े तानाशाह किम के जो फोटो शेयर किये गए, उससे यही सन्देश जाता है कि हमारे पास अब आत्मघाती ड्रोन है, कर लो जो करना है। उत्तर कोरिया कितना ढीठ है, उसका छोटा-सा उदाहरण 5 जनवरी, 2025 को तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दक्षिण कोरिया यात्रा के समय देख सकते हैं, तब उसने पूर्वी सागर में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागकर अपनी उपस्थिति दर्ज

**पुष्परंजन**

कराई। आत्मघाती या कामिकाजे ड्रोन का विकास नया नहीं है। इस्राइल के 1982 के 'ऑपरेशन मोल क्रिकेट 19' में, ऐसे यूएवी का इस्तेमाल किया था। 1980 के दशक में, अमेरिका ने भी 'आईएआई हार्पी' और 'एजीएम -136 टैसिट रेनबो' जैसे कार्यक्रमों के ज़रिये आत्मघाती ड्रोन विकसित कर लिये थे। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण में 'ज़ेड. एल.ए. लैंसेट' और हेसा शहीद 136 सहित कई शहीद ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है, जबकि यूक्रेन ने यूजे-25 स्काईलाइन और अमेरिकी निर्मित एयरोविरोनमेंट स्विचब्लेड जैसे घूमने वाले हथियारों को तैनात किया है, जिसे प्लाटून, और दूसरा बैकपैक में फिट किया जाता है। 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद, रूसी और यूक्रेनी दोनों सेनाएं अक्तूबर, 2023 तक हर महीने हज़ारों एफपीवी ड्रोन का उत्पादन कर रही थीं। 2022 में ब्रिटेन ने घोषणा की थी, कि वह यूक्रेन को 'सैकड़ों लोइटरिंग एम्यूनिशन' प्रदान कर रहा है। रूस द्वारा ईरान निर्मित शाहद ड्रोन का उपयोग और यूक्रेन द्वारा तुर्की के बायरकटर टीबी2 ड्रोन की सफल तैनाती ने इन तकनीकों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित किया है। मध्य पूर्व में, इस्राइल ने सटीक हमले करने के लिए 23 किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम हारोप लोइटरिंग म्यूनिशन पर भरोसा किया है। इस बीच, रूस द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जाने वाले ईरान के शाहेद-136 ड्रोन ने साबित कर दिया है कि सस्ते, बड़े पैमाने पर उत्पादित ड्रोन परिष्कृत वायु रक्षा प्रणालियों को भी मात दे सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल है, पाकिस्तान का सैन्य साझीदार उत्तर कोरिया जिस तरह से आत्मघाती ड्रोन विकसित करने में सफल हुआ है, भारतीय सेना को हाल ही में नागपुर स्थित रक्षा निर्माण फर्म सोलर इंडस्ट्रीज द्वारा निर्मित 480 लोइटरिंग हथियार प्राप्त हुए हैं, जिनमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रणाली उद्देश्य सेना के जवानों द्वारा सटीक हमला करने की क्षमताओं को बढ़ाती है। 2025 की शुरुआत में पाकिस्तान ने भी कम दूरी की मुठभेड़ों में सटीक हमला करने के लिए डिजाइन किया गया अपना नवीनतम ड्रोन 'ब्लेज़ 25' पेश किया है, जिसका वजन 25 किलोग्राम है। यह देखते हुए, भारत को चाहिए, कि वह अपने लोइटरिंग हथियार विकास कार्यक्रम में तेज़ी लाये।

जीवन मंत्र

# सनातन, जो सबको समा ले

यदि कोई धर्म सार्वभौम नहीं है, तो वह सनातन नहीं हो सकता। एक संकीर्ण, सांप्रदायिक, एकनिष्ठ धर्म सीमित समय और सीमित उद्देश्य के लिए ही जीवित रह सकता है। जब यह कहा जाता है कि भारत का उत्थान होगा, तो वह सनातन धर्म है, जिसका उत्थान होगा।

यह कौन-सा धर्म है, जिसे हम सनातन या शाश्वत कहकर पुकारते हैं? इसे हिंदू धर्म इसलिए कहते हैं, क्योंकि इसे हिंदू राष्ट्र ने सुरक्षित रखा, क्योंकि सागर और हिमालय के एकांत में, इस प्रायद्वीप में इसका विकास हुआ, क्योंकि इस पुनीत और पुरातन भूमि में इसका भार आर्य जाति को उसे युग-युगांतर तक सुरक्षित रखने के लिए सौंपा गया था। किंतु वह किसी एक देश की सीमाओं में परिसीमित नहीं है। जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं, वह वास्तव में सनातन धर्म है, क्योंकि वह सार्वभौम धर्म है, जो सभी को अपने में समाहित कर लेता है। हम चलते, फिरते और वास करते हैं। केवल यही धर्म हमें इस सत्य को समझने और उस पर विश्वास करने में न सिर्फ मदद करता है, बल्कि अपने अस्तित्व के भाग से उसका एहसास कराता है। यही एक धर्म विश्व को बताता है कि यह संसार है क्या, कि वह



वासुदेव की एक लीला है। यही धर्म है, जो हमें बताता है कि उस लीला में, उसके सूक्ष्मतम विधानों में हम अच्छी से अच्छी तरह अपनी भमिका कैसे निभा सकते हैं? मैंने पहले भी कहा था कि राष्ट्रवाद राजनीति नहीं, एक धर्म है, सिद्धांत है, विश्वास है। यद्यपि आज सनातन का पर्याय हिन्दू है पर सिख, बौद्ध, जैन धर्मावलम्बी भी सनातन धर्म का हिस्सा हैं, क्योंकि बुद्ध भी अपने को सनातनी कहते हैं।यहाँ तक कि नास्तिक जोकि चार्वाक दर्शन को मानते हैं वह भी सनातनी हैं। सनातन धर्मी के लिए किसी विशिष्ट पद्धति, कर्मकांड, वेशभूषा को मानना जरुरी नहीं। बस वह सनातनधर्मी परिवार में जन्मा हो, वेदांत, मीमांसा, चार्वाक, जैन, बौद्ध, आदि किसी भी दर्शन को मानता हो बस उसके सनातनी होने के लिए पर्याप्त है। मैं फिर आज उसे दोहराता हूं, पर उसे दूसरी तरह से प्रस्तुत करता हूं। मैं अब यह नहीं कहता कि राष्ट्रवाद एक सिद्धांत है, एक धर्म है, एक विश्वास है : मैं कहता हूं कि यह सनातन धर्म है, जो हमारे लिए राष्ट्रवाद है। सनातन धर्म ही राष्ट्रवाद है।

शख्सियत — उत्पल दत्त

## प्रसिद्ध अभिनेता, निर्देशक और लेखक



29 मार्च 1929 - 19 अगस्त 1993) उत्पल दत्त एक भारतीय अभिनेता, निर्देशक और लेखक-नाटककार थे। वे मुख्य रूप से बंगाली रंगमंच भारतीय रंगमंच में एक अग्रणी व्यक्ति बन गए, जब उन्होंने 1949 में ₹लिटिल थिएटर ग्रुप₹ की स्थापना की। इस समूह ने कई अंग्रेजी,शेक्सपियर और ब्रेख्तनाटकों का मंचन किया, जिसे अब महाकाव्य थिएटरकाल के रूप में जाना जाता है।

उत्पल दत्त के नाटक उनकी मार्क्सवादी विचारधाराओं की अभिव्यक्ति के लिए एक उपयुक्त माध्यम बन गए, जोकल्लोल (1965),मानुषेर (1964),तिनर-विद्रोह।0 साल के करियर में100 से अधिक बंगाली और हिंदी मृणाल सेन की भुवन शोम (1969),सत्यजीत रेकी अग्रांतुक (1991),गौतम घोष की पद्मा नादिर माझी (1992) और ऋषिकेश मुखर्जी की गोलमाल (1979) और रंग बिरंगी (1983) जैसी हिंदी कॉमेडी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं।उन्होंने कॉमेडी फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें सबसे उल्लेखनीय हैं गुड्डी , गोल माल , नरम गरम , रंग बिरंगी और शौकीन । वह मृणाल सेन द्वारा लिखित भुवन शोम एक अधूरी कहानी और कोरस में दिखाई दिए ; अगंतुक जन अरण्य , जोई बाबा फेलुनाथ और हिरक राजार देशे , सत्यजीत द्वारा ; पार और पद्मा नादिर माझी , गौतम घोष द्वारा ; जेम्स आइवरी द्वारा बॉम्बे टॉकी , द गुरु और शेक्सपियर वाला ; जुक्ति तक्को आर गप्पो , ऋत्विक घटक द्वारा ; हृषिकेश मुखर्जी द्वारा गुड्डी , गोल माल और कोतवाल साब ; बासु चटर्जी और अमानुष द्वारा निर्देशित शौकीन , प्रियतमा और हमारी बहू अलका , शक्ति सामंत द्वारा आनंद आश्रम और बरसात की एक रात । उत्पल दत्त ने अमिताभ बच्चन अभिनीत कुछ प्रमुख सफल फिल्मों जैसे द ग्रेट गैम्बलर , इंकलाब और द्विभाषी हिंदी/बांग्ला फिल्म बरसात की एक रात में मुख्य खलनायक की भूमिका निभाई। वास्तव में, उत्पल दत्त अमिताभ बच्चन की पहली फिल्म सात हिंदुस्तानी में हीरो थे । उन्होंने कई फिल्मों का निर्देशन भी किया, जैसे मेघ (1961), एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर, घूम भंगार गान (1965), झार (तूफान) (1979), यंग बंगाल आंदोलन पर आधारित, बैसाखी मेघ (1981), मां (1983) और इंकलाब के बाद (1984)1960 में दत्त ने थिएटर और फिल्म अभिनेत्री शोभा सेन से शादी की। उनकी इकलौती बेटी बिष्णुप्रिया दत्त नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में कला और सौंदर्यशास्त्र स्कूल में थिएटर की प्रोफेसर हैं । 19 अगस्त 1993 को, दत्त की एसएसकेएम अस्पताल, कलकत्ता , पश्चिम बंगाल से घर लौटने के तुरंत बाद दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई।

जीवन ऊर्जा — भवानी प्रसाद मिश्र : जन्म 29 मार्च 1913 — जन्म

भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म 29 मार्च 1913 को गांव टिगरिया, तहसील सिवनी मालवा, जिला होशंगाबाद मध्य प्रदेश में हुआ। भवानी प्रसाद मिश्र हिन्दी के प्रसिद्ध कवि तथा गांधीवादी विचारक थे। वे 'दूसरा सप्तक' के प्रथम कवि हैं। गांधी-दर्शन का प्रभाव तथा उसकी झलक उनकी कविताओं में स्पष्ट देखी जा सकती है। हिन्दी के प्रसिद्ध कवि तथा गांधीवादी विचारक थे।

## आसमान खुद हवा बनकर नहीं बहता जैसे हवा उसमें बहती है

हिंदी साहित्य में अपनी कविताओं से अमूल्य योगदान देते हुए भवानी प्रसाद मिश्र की मृत्यु 20 फरवरी 1985 को हुई। कितने भी गहरे रहे गत हर जगह प्यार जा सकता है कितना भी भ्रष्ट ज़माना हो हर समय प्यार भा सकता है। कई बार मरने से जीना बुरा है, कि गुस्से को हर बार पीना बुरा है। जिस तरह हम बोलते हैं उस तरह तू लिख और इसके बाद भी हमसे बड़ा तू दिख। उसके सारे रेशे मगर कविता को कोई खोले ऐसा उल्टा तो साफ नहीं होंगे। हमारे अनुभव इस तरह क्योंकि अनुभव तो हमें जितने इसके माध्यम से हुए हैं। उससे ज्यादा हुए हैं दूसरे माध्यमों से व्यक्त वे जरूर हुए हैं। यहां कविता को बिखरा कर देखने से सिवा रेशों के क्या दिखता है लिखने वाला तो हर बिखरे अनुभव के रेशे



को समेट कर लिखता है। मैं लोगों की सभी सुख-सुविधाओं और कठिनाइयों के लिए जिम्मेदार था। वे ग्रामीण जीवन के साधारण व्यवसायों से प्रभावित थे। मुझे किन कवियों ने प्रेरित किया है, यह भी एक सवाल है। मैंने केवल प्राचीन कवियों को पढ़ा, और जो नए कवि मैंने पढ़े, वे मुझे पसंद नहीं आए। मैंने सपनों से भरी किसी एक ज़िंदगी को इतना सोचा है। आसमान खुद आसमान ख़ुद हवा बनकर नहीं बहता जैसे हवा उसमें बहती है। बहुत हल्के-फुलके ढंग से वे बहुत गहरी बात कह देते हैं जिससे उनकी निश्छल अनुभव संपन्नता का आभास मिलता है। कविता की भाषा सरल, मधुर एवं गाने योग्य होनी चाहिए। कल्पना का भी मिश्रण होता हैं जो कविता को मुग्धकारी एवं सुन्दर बनाता हैं। गांधीवादी विचारधारा गांधी दर्शन अनुभूति के स्तर पर उनके विचारों में घुलमिल कर उनके काव्य में प्रकट हुआ है। कवि को बच्चे की मुसकान बहुत मनमोहक लगती है जो मृत शरीर में भी प्राण डाल देती है। वह सावन से कहता है कि पिताजी से कहना मैं यहाँ बिल्कुल सुखी हूं मुझे यहां किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# धर्म ही मनुष्य की रक्षा करता है

(भाग 2)

युधिष्ठिर ने पल भर सोचा और कहा नकुल जी उठे युधिष्ठिर के इस प्रकार बोलते हुए यक्ष सामने प्रकट हुआ और बोला दस हजार वाले हाथियों के बल वाले भीम को छोड कर तुम



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

नकुल को जिलाना क्यों ठीक समझा भीम नहीं तो अर्जुन को ही जिला लेते जिसकी रणकुशलता सदा ही तुम्हारी रक्षा करती रही हैं। युधिष्ठिर ने कहा महाराज मनुष्य की रक्षा न तो भीम से होती हैं और न अर्जुन से धर्म ही मनुष्य की रक्षा करता हैं और धर्म से विमुख हो जाने पर मनुष्य का नाश हो जाता हैं मेरे पिता की दो पत्नियों में से कुंती का एक पुत्र मैं बचा हूं और मैं चाहता हूं की माता माद्री का भी एक पुत्र जीवित रहे। युधिष्ठिर के वचन सुनकर यक्ष ने प्रसन्न होते हुए कहा हे वत्स मैं तुम्हारे विचारों से अत्यन्त ही प्रसन्न हुआ हूँ इसलिये मैं तुम्हारे सभी भाइयों को जीवित करता हूँ वास्तव में मैं तुम्हारा



पिता धर्म हूँ। और तुम्हारी परीक्षा लेने के लिये यहाँ आया था। धर्म के इतना कहते ही सब पाण्डव ऐसे उठ खड़े हुए जैसे कि गहरी नींद से जागे हों युधिष्ठिर ने अपने पिता धर्म के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। फिर धर्म ने कहा वत्स मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ इसलिए तुम मुझसे अपनी इच्छानुसार वर माँग लो युधिष्ठिर बोले तात हमारा बारह वर्षो का वनवास पूर्ण हो रहा है और अब हम एक वर्ष के अज्ञातवास में जाने वाले हैं। अतः आप यह वर दीजिए कि उस अज्ञातवास में कोई भी हमें पहचान नस के साथ ही मुझे यह वर दीजिए कि मेरी वृति सदा आप अर्थात धर्म में ही लगी रहे। धर्म युधिष्ठिर को उनके माँगे हुए दोनों वर दे कर वहाँ से अन्तर्ध्यान हो गए पौराणिक कथाओं में हमें कई संदेश मिलते है।यह अध्यात्म, दर्शन और धर्म से जुड़े प्रश्न ही नहीं है यह हमारे जीवन से जुड़े प्रश्न भी है।यह वही प्रश्न है जो जीवन को नयी दिशा प्रदान करने मे बहुत सहायक है। जिसको समझ करके हम प्रेरित हो सकते है।

हम अपने जीवन में उसे उतार सकते हैयह कोई सामान्य प्रश्न नही है जीवन का सार समझना है तो तो इनका अध्ययन एवं मनन करना आवश्यक है। लाभ नही पहुंचा सकते तो हानि भी ना पहुंचाए सुख नही दे सकते तो दुख भी ना पहुंचाए और प्रसंशा नही कर सकते तो निंदा भी ना करें।

## अपने विचार



यदि कहीं किसी को लगता है कि सुनवाई नहीं हो रही है तो वो जनप्रतिनिधियों के पास जाता है। लेकिन उसके अलावा भी उसके पास न्यायापालिका का मंच है जहां वो अपनी बात रख सकता है। जब तीनों मिलकर काम करते हैं तो सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलती है।
**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तर प्रदेश



यह निर्णय न्यायालय का था उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी.. कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि इसके खिलाफ कार्रवाई करना है, तो सरकार इस पर कार्रवाई करेगी।
**-सम्राट चौधरी,**डिप्टी सीएम, बिहार



आगरा में हुई घटना के साथ ही सपा प्रमुख को 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस की घटना को भी याद करना चाहिए, जब इस पार्टी की सरकार के दौरान मुझ पर जानलेवा हमला हुआ था और इसके लिए पश्चाताप भी करना चाहिए।
**-मायावती,**बसपा सुप्रीमो



जहां नमाज के लिए जगह है वहां जाकर ही नमाज पढ़ें, सड़क पर जाम नहीं लगाएं। मस्जिदों में पढ़ें, मदरसा में पढ़ें और उससे भी ज्यादा जगह की कमी पड़े तो कब्रिस्तान में जाकर नमाज पढ़ाइए। वहां बहुत जमीन घेरकर रखे हैं उससे काम चलाएं। इससे पहले ने कहा था।
**-नीरज बबलू** , मंत्री, बिहार

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि." के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार)।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीआरएस 29 और 30 मार्च को रहेगा बंद

**मुंबई।** मुंबई पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) डिस्क डीफ्रेग्मेंटेशन कार्य के कारण 29 मार्च 2025 को रात 11:45 बजे से 30 मार्च 2025 को सुबह 3:45 बजे तक बंद रहेगा, जिससे यात्री आरक्षण प्रणाली, कोचिंग रिफंड, चार्टिंग गतिविधियाँ, ट्रेन फायरिंग, आईवीआरएस, करंट रिजर्वेशन, चार्ट डिस्प्ले, टच स्क्रीन, रिफंड काउंटर और कोचिंग रिफंड टर्मिनल जैसी सेवाएँ प्रभावित होंगी, जबकि मौजूदा नियमों के तहत टीडीआर जारी किया जाएगा और इस अवधि में इंटरनेट बुकिंग भी उपलब्ध नहीं होगी।

### मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ेगा पश्चिम रेलवे



**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे ने 31 मार्च 2025 से मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12009/12010) में एक अतिरिक्त एसी चेयर कार कोच स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया है।

**यात्रा होगी और भी आरामदायक**

शताब्दी एक्सप्रेस, जो अपनी हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाओं के लिए जानी जाती है, अब और अधिक यात्रियों को सेवा देने के लिए तैयार है। इस बदलाव से ट्रेन की यात्री क्षमता में सालाना 65,000 से अधिक यात्रियों की वृद्धि होगी, जिससे अधिक लोगों को तेज़, आरामदायक और कुशल यात्रा का लाभ मिलेगा।


# आईपीएल प्रशंसकों के लिए पश्चिम रेलवे का तोहफा!

▶▶ वानखेड़े नॉर्थ फुट ओवर ब्रिज का पुनर्निर्माण पूरा

▶▶ पैदल यात्रियों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे ने वानखेड़े नॉर्थ फुट ओवर ब्रिज (FOB) के पुनर्निर्माण को सफलतापूर्वक पूरा कर इसे सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिया है। यह कदम इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 से पहले क्रिकेट प्रशंसकों के लिए आसान और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।



### आठ महीनों में पूरा हुआ निर्माण कार्य

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) से आवश्यक धनराशि प्राप्त होने के बाद, केवल आठ महीनों में एफओबी का पुनर्निर्माण पूरा किया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, नवनिर्मित एफओबी अब दो सीढ़ियों के साथ चालू है—एक पूर्व दिशा में उत्तरमुखी और दूसरी पश्चिम दिशा में उत्तरमुखी। इससे पैदल यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी, विशेष रूप से आगामी आईपीएल मैचों के दौरान।

### तकनीकी विश्लेषण और संरक्षा सुधार

नया एफओबी 6.30 मीटर चौड़ा और 48 मीटर लंबा है। निर्माण कार्य पर 6.50 करोड़ की लागत आई है। पूर्व और पश्चिम दिशा की दो अन्य सीढ़ियाँ (दक्षिण की ओर) 7 अप्रैल, 2025 तक एमसीए को सौंपी जाएंगी। सुरक्षा और दृश्यता बढ़ाने के लिए एमसीए द्वारा प्रकाश व्यवस्था और निगरानी कैमरे लगाए गए

### IIT मुंबई के संरक्षा ऑडिट के बाद पुनर्निर्माण

श्री विनीत अभिषेक ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मुंबई द्वारा किए गए संरक्षा ऑडिट के बाद जून 2020 में पुराने एफओबी को बंद कर दिया गया था। इस महत्वपूर्ण पैदल यात्री संपर्क को बहाल करने की आवश्यकता को समझते हुए, पश्चिम रेलवे ने इसे पुनर्निर्माण के लिए प्राथमिकता दी।

### यात्रियों और क्रिकेट प्रेमियों को होगा लाभ

पश्चिम रेलवे समय पर बुनियादी ढांचे में सुधार और यात्री संरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। एफओबी के फिर से खुलने से क्रिकेट प्रेमियों और आम यात्रियों दोनों को लाभ मिलेगा, खासकर वानखेड़े स्टेडियम जाने वालों के लिए यह पुल अहम साबित होगा।

# घायल बच्चे की सिविल अस्पताल में सफल सर्जरी

पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से हुआ था जख्मी



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

जिला सिविल अस्पताल में पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए 13 वर्षीय बच्चे की सफल सर्जरी की गई। बच्चे की दाहिनी कलाई और कोहनी की हड्डी टूट गई थी, लेकिन सिविल अस्पताल के डॉक्टरों की मेहनत से उसका ऑपरेशन सफल रहा, जिससे बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। ठाणे में रहने वाला अंकुर (बदला हुआ नाम) चार दिन पहले आम के पेड़ पर चढ़ा था। सही अंदाजा न लगा पाने के कारण वह नीचे गिर गया। गिरने से शरीर का पूरा भार उसकी बांह पर आ गया, जिससे कलाई और कोहनी की हड्डी टूट गई।

### डॉक्टरों की टीम ने किया सफल ऑपरेशन

सिविल सर्जन डॉ. कैलास पवार और अतिरिक्त जिला सर्जन डॉ. धीरज महंगड़े के मार्गदर्शन में यह सर्जरी की गई। हड्डी विशेषज्ञ डॉ. विलास सालवे ने बताया कि एक्स-रे में हाथ की दोनों हड्डियां टूटी हुई पाई गईं। यह सर्जरी अस्पताल के लिए एक चुनौती थी, लेकिन मेडिकल टीम ने प्रयास किया और ऑपरेशन करीब दो घंटे में सफलतापूर्वक पूरा किया।

### परिवार ने जताया आभार

अंकुर के परिवार ने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगर यह सर्जरी किसी निजी अस्पताल में कराई जाती, तो इसका खर्च बहुत ज्यादा होता। सिविल अस्पताल में आधुनिक उपकरणों से सर्जरी की जाती है, जिससे अब जोखिम भरी सर्जरी भी संभव हो रही हैं।

# मध्य रेल के मुंबई मंडल में 30 मार्च को मेगा ब्लॉक

**लोकल सेवाएं प्रभावित**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल, मुंबई मंडल 30 मार्च 2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक का आयोजन करेगा। इस दौरान उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवाओं पर प्रभाव पड़ेगा।



### ठाणे-कल्याण सेक्शन (सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)

डाउन स्लो/सेमी फास्ट ट्रेनें: मुलुंड से छूटने वाली ट्रेनें डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और ठाणे, कलवा, मुंब्रा, दिवा, डोंबिवली स्टेशनों पर रुकेंगी। अप स्लो/सेमी फास्ट ट्रेनें: कल्याण से छूटने वाली ट्रेनें अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट होकर डोंबिवली, दिवा, मुंब्रा, कलवा, ठाणे स्टेशनों पर रुकेंगी। सभी प्रभावित लोकल ट्रेनें लगभग 10 मिनट की देरी से अपने गंतव्य तक पहुंचेंगी।

### कुर्ला-वाशी सेक्शन (सुबह 11:10 बजे से शाम 4:10 बजे तक)

हार्बर लाइन की ट्रेनें रद्द रहेंगी। सुबह 10:34 से दोपहर 3:36 बजे तक सीएसएमटी से वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए ट्रेनें नहीं चलेंगी। सुबह 10:16 से दोपहर 3:47 बजे तक पनवेल/बेलापुर/वाशी से सीएसएमटी के लिए ट्रेनें रद्द रहेंगी। ब्लॉक के दौरान सीएसएमटी-कुर्ला और पनवेल-वाशी सेक्शन पर स्पेशल लोकल ट्रेनें चलाई जाएंगी। यात्रियों को सुबह 10:00 से शाम 6:00 बजे तक ठाणे-वाशी/नेरुल रूट पर यात्रा की अनुमति होगी।

# जगजीवन राम अस्पताल बढ़ाएगा डायग्नोस्टिक सेवाएं

▶▶ अत्याधुनिक सीटी और एमआरआई सुविधा मिलेगी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे का जगजीवन राम अस्पताल (JRH) जल्द ही सीटी और एमआरआई सुविधाओं की मदद से अपनी डायग्नोस्टिक सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत विकसित यह सुविधा अपने अंतिम चरण में है और अगले तीन महीनों में इसे शुरू किए जाने की संभावना है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, श्री विनीत अभिषेक के अनुसार, इस पहल से मरीजों को बाहर रेफर करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और इमेजिंग जांच के लिए प्रतीक्षा समय में कमी आएगी। इन-हाउस सीटी और एमआरआई सेवाओं से रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों और सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर और सटीक उपचार मिलेगा।




### नए विभागों को मिलेगा लाभ

जगजीवन राम अस्पताल में न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और यूरोलॉजी जैसे नव स्थापित विभागों को इस अत्याधुनिक इमेजिंग सेटअप से बड़ा फायदा होगा। यह जटिल चिकित्सा स्थितियों के बेहतर निदान और प्रबंधन में सहायक साबित होगा।

### रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार

पश्चिम रेलवे, अपने स्वास्थ्य सेवा ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह कदम रोगियों की देखभाल में सुधार और चिकित्सा उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में जगजीवन राम अस्पताल के मिशन को मजबूत करेगा।

# विशेष ट्रेनों की अवधि का विस्तार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

▶▶ यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मध्य रेलवे ने लिया निर्णय

मध्य रेल ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष ट्रेनों की सेवा अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है।

साप्ताहिक विशेष ट्रेनों की विस्तारित अवधि

सोलापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (01435): अब 29.04.2025 तक चलेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सोलापुर (01436): अब 30.04.2025 तक चलेगी। तिरुपति-सोलापुर (01438): अब 25.04.2025 तक चलेगी। सोलापुर-तिरुपति (01437): अब 24.04.2025 तक चलेगी। खंडवा-सनावद-खंडवा (01091/01092): अब 29.04.2025 तक चलेगी।

दैनिक विशेष ट्रेनों की विस्तारित अवधि (अब 30.04.2025 तक)

- सोलापुर-दौंड (01461) और दौंड-सोलापुर (01462) अनारक्षित दैनिक विशेष।
- सोलापुर-कलबुर्गी (01463) और कलबुर्गी-सोलापुर (01464) अनारक्षित दैनिक विशेष।
- नासिक रोड-बडनेरा (01212) अनारक्षित दैनिक विशेष।
- कोल्हापुर-पुणे (01024) और पुणे-कोल्हापुर (01023) दैनिक विशेष।
- पुणे-हरंगुल (01487) और हरंगुल-पुणे (01488) दैनिक विशेष।

टाइम टेबल में बदलाव केवल एक ट्रेन के लिए

बडनेरा-नासिक रोड (01211) अनारक्षित दैनिक विशेष: 01.04.2025 से नया समय – बडनेरा से प्रस्थान 10:05 बजे, नासिक रोड आगमन 19:05 बजे।

# कांग्रेस सेवादल के कई पदाधिकारी एनसीपी में शामिल, अजित पवार ने किया स्वागत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि चंद्रकांत दायमा ने सेवादल को परिवार मानकर निष्ठा से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी सेवादल की ओर आकर्षित नहीं हो रही है, लेकिन दायमा के नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिली है। कांग्रेस सेवादल के कई पदाधिकारी एनसीपी में शामिल। महिला विकास मंडल सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने एनसीपी की सदस्यता ली। इस दौरान परभणी समेत कई जिलों के नेताओं ने भी पार्टी में प्रवेश किया।

### 'शिव, शाहू, फुले, आंबेडकर के विचारों पर चल रही एनसीपी'

अजित पवार ने कहा कि एनसीपी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रही है और शिवाजी महाराज, शाहू महाराज, महात्मा फुले और बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को अपनाकर कार्य कर रही है।

▶▶ चंद्रकांत दायमा ने सेवादल को परिवार मानकर किया कार्य : अजित पवार



### संगठन में अनुशासन जरूरी, अनावश्यक बयानबाजी से बचें : अजित पवार

अजित पवार ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन बनाए रखने और अनावश्यक बयानबाजी से बचने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि महायुती सरकार में कोई ऐसा कदम न उठाएं जिससे गठबंधन में दरार आए।

### स्वच्छ छवि के नेताओं का ही पार्टी में स्वागत

उन्होंने स्पष्ट किया कि एनसीपी में वही नेता प्रवेश करें जिनकी छवि साफ-सुथरी हो। उन्होंने कहा, अगर कोई गलत काम छुपाने के लिए पार्टी में आना चाहता है, तो उसे पहले यह विचार छोड़ देना चाहिए।

# महाराष्ट्र सरकार की 'अभय योजना – 2025' के तहत HAL ने किया 2,470.97 करोड़ का कर निपटान

एचएएल बना कर विवाद सुलझाने वाला पहला सार्वजनिक उपक्रम

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा इस बजट सत्र में घोषित 'अभय योजना – 2025' के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) को जीएसटी से पहले के कर विवादों के समाधान का अवसर दिया गया है। इस योजना के तहत, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) महाराष्ट्र में लंबित कर निपटाने वाला पहला सार्वजनिक उपक्रम बन गया है। महाराष्ट्र वस्तु एवं सेवा कर (MGSTD) विभाग के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। HAL ने महाराष्ट्र कर, ब्याज, दंड या विलंब शुल्क (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा निपटान) अधिनियम, 2025 के तहत 2,470.97 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान कर कर विवाद समाप्त किया। यह निपटान 9,752.53 करोड़ रुपये की कुल कर देनदारी का एक हिस्सा था, जो महाराष्ट्र के कर इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी वसूली में से एक है।




### 35 वर्षों से लंबित कर विवादों का निपटारा

▪ यह योजना उन कर विवादों को सुलझाने के लिए लाई गई है, जो जीएसटी लागू होने से पहले के थे। HAL के मामले में, कुछ कर विवाद 1986 से लंबित थे। यह निपटान बॉम्बे सेल्स टैक्स (BST), केंद्रीय विक्रय कर (CST), और महाराष्ट्र वैल्यू एडेड टैक्स (MVAT) अधिनियमों के अंतर्गत उत्पन्न विवादों को हल करने में सफल रहा है।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृष:** प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा।

**मिथुन:** रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है। चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी।

**कर्क:** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा।

**सिंह:** पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी।

**कन्या:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**तुला:** विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी।

**वृश्चिक:** फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं।

**धनु:** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

**मकर:** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा।

**कुंभ:** रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है।

**मीन:** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे।

# सावन में भगवान शिवजी के साथ ही साथ वास्तु पुरुष की उपासना क्यों की जाती है

वास्तु ज्ञान -

वास्तु के देवता को वास्तु पुरुष कहा जाता है !!

वास्तु पुरुष की उत्पत्ति भगवान शिवजी से हुवा है !!

भगवान शिवजी की उपासना के साथ ही साथ वास्तु पुरुष की आराधना करने से घर मे सुख शांति और प्रशन्नता का वास होता है !!

अक्सर आप में से कई लोगों ने देखा या सुना होगा कि वास्तु शास्त्र की वास्तु पुरुष की कल्पना भूखंड के एक ऐसे औंधे मुंह पड़े पुरुष के रूप में की जाती है !! जिसमें उस पुरुष का मुंह ईशान कोण वह पैर नैॠत्य कोण की ओर होते हैं। तथा उसकी भुजाएं व कंधे वायव्य कोण व अग्निकोण के ओर मुड़ी हुई रहती है। पर क्या आप जानते हैं कि आखिर क्यों वास्तु शास्त्र में ऐसे ही पुरुष की कल्पना की गई है, और कौन हैं ये वास्तु पुरुष। अगर नहीं तो चलिए आपको बताते हैं इससे जुड़ी एक पौराणिक कथा जो हिंदू धर्म के प्रमुख ग्रंथों में से एक माने जाने वाले मत्स्य पुराण में वर्णित है।






प्रियंका जैन
9769994439

मत्स्य पुराण में उल्लेखित वास्तु पुरुष से जुड़ी कथा के अनुसार है कि एक बार की बात है देवताओं और असुरों में युद्ध हो रहा था। जिसमें राक्षसों की ओर से अंधकासुर और देवताओं की ओर से भगवान शिव शंकर युद्ध कर रहे थे। युद्ध में भगवान शिवजी की पसीने की कुछ बूंदे जब भूमि पर गिरी तो एक अत्यंत बलशाली और विराट पुरुष की उत्पत्ति हुई जिसने पूरी धरती को ढक लिया। इस विराट पुरुष से देवता तथा सभी असुर भी भयभीत होने लगे कि यह पुरुषों की ओर से है जबकि असुरों को लगा कि यह पुरुष नेताओं की तरफ से कोई नया देवता प्रकट हुआ है। इस विस्मय के कारण युद्ध थम गया और सभी देवता और असुर उस विराट पुरुष को पकड़कर ब्रह्मा जी के पास चले गए। देवताओं व असुरों के आग्रह करने पर ब्रह्मा जी ने उस पुरुष के बारे में बताया कि यह भगवान शिव और अंधकासुर के युद्ध के दौरान उनके शरीर से गिरे पसीने की बूंदों से प्रकट हुआ है जिस कारण इसे लोग धरतीपुत्र अर्थात वास्तु पुरूष के नाम से जानेंगे।

कथाओं के अनुसार ब्रह्मदेव ने उस विराट पुरुष को संबोधित कर उसे अपना मानस पुत्र होने की संज्ञा दी और उसका नामकरण करते हुए कहा कि आज से तुम्हें संसार में वास्तु पुरुष के नाम से जाना जाएगा और तुम्हें इस के कल्याण के लिए धरती में समाहित होना पड़ेगा। उस वास्तु पुरुष का वास धरती के अंदर होगा। इसके अलावा ब्रह्मदेव ने वास्तु पुरुष को यह वरदान दिया कि कोई व्यक्ति धरती के किसी भी भूभाग पर कोई भी मकान तालाब या मंदिर आदि का निर्माण करेगा।

## जिला जज की हार्ट अटैक से मौत



**बाराबंकी :** यूपी के बाराबंकी में सिविल कोर्ट में तैनात जिला जज पंकज कुमार सिंह का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह करीब 60 वर्ष के थे। इसी वर्ष 30 जून 2025 को उनका रिटायरमेंट था। 1 जुलाई 1965 को आजमगढ़ जिले में पैदा हुए पंकज कुमार सिंह के पिता का नाम सत्य नारायण सिंह था। एमएससी और एलएलबी की शिक्षा ग्रहण करने के बाद 15 जनवरी 2011 को उनका चयन हाइयर ज्यूडिशियल सर्विस में हुआ था। उनकी पहली पोस्टिंग उन्नाव जिले में 17 जनवरी 2011 को एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के पद पर हुई थी। 17 अप्रैल 2014 को वह एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज आगरा बने। साल 2020 से 31 मई 2022 को वह हाईकोर्ट लखनऊ में सीनियर रजिस्ट्रार पद पर रहे। जून 2022 को पंकज कुमार सिंह बुलंदशहर के जिला जज बने। उसके बाद 08 जुलाई 2024 से वह बाराबंकी के जिला जज थे।

## जितेंद्र त्यागी को दंडात्मक कार्रवाई से नहीं मिली राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जितेंद्र नारायण त्यागी (पूर्व नाम सैयद वसीम रिजवी) की याचिका पर नोटिस जारी किया। याचिका में 2021 में हरिद्वार में आयोजित धर्म संसद में मुसलमानों के खिलाफ कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों को एक साथ जोड़ने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवायी की।

जितेंद्र नारायण त्यागी के वकील ने दलील दी कि लखनऊ से ताल्लुक रखने वाले उनके मुवक्किल के खिलाफ चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनमें से एक श्रीनगर में है। वकील ने दलील दी कि उस क्षेत्र में यात्रा करते समय उनके मुवक्किल की जान को खतरा है। वकील ने पीठ से आग्रह किया कि श्रीनगर के मामले को उत्तराखंड के हरिद्वार में चल रहे दूसरे मामले के साथ जोड़ दिया जाए।

पीठ ने जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड सरकार और श्रीनगर में त्यागी के खिलाफ शिकायतकर्ता दानिश हसन को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने त्यागी के खिलाफ सभी आपराधिक मामलों को एक साथ जोड़ने पर विचार करने पर सहमति जताते हुए लंबित मामलों में उनके खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई के खिलाफ संरक्षण देने से इनकार कर दिया।

## आनंद वर्धन बने उत्तराखंड के नए मुख्य सचिव



**देहरादून।** IAS आनंद वर्धन उत्तराखंड के नए मुख्य सचिव बन गए हैं। वो 31 मार्च को वर्तमान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के रिटायरमेंट के बाद उत्तराखंड के मुख्य सचिव का पदभार संभालेंगे। आनंद वर्धन 1992 बैच के IAS अधिकारी हैं। लंबे समय से नए मुख्य सचिव को लेकर कयासबाजी पर भी इसके साथ ही विराम लग गया है। हालांकि IAS अफसर आनंद बर्धन का चयन पहले ही करीब-करीब तय माना जा रहा था। दरअसल इसके पीछे की वजह उत्तराखंड में उनका सबसे सीनियर आईएएस होना था। उत्तराखंड की वर्तमान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का सेवा विस्तार 31 मार्च को खत्म हो रहा है। इस तरह सरकार ने उनके रिटायरमेंट से चार दिन पहले ही नए मुख्य सचिव की घोषणा कर दी है। 31 मार्च को राधा रतूड़ी के रिटायरमेंट के साथ ही आनंद वर्धन 1 अप्रैल से उत्तराखंड की ब्यूरोक्रेसी के सबसे बड़े बॉस बन जाएंगे। आनंद वर्धन उत्तराखंड में IAS कैडर के सबसे सीनियर अधिकारी हैं। अभी वो शासन में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। खास बात यह है कि राज्य में इस समय केवल एक ACS स्तर का अधिकारी मौजूद है। ऐसे में सरकार के पास भी मुख्य सचिव पद पर किसी दूसरे नाम के तौर पर विकल्प नहीं था।

# बीपीएससी परीक्षार्थियों को झटका

- 70वीं प्रिलिम्स की परीक्षा दोबारा नहीं होगी
- पटना हाईकोर्ट का फैसला

एजेंसी । पटना

पटना हाईकोर्ट ने 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा की पुनः मांग करने वाले उम्मीदवारों को बड़ा झटका दिया। पटना हाईकोर्ट ने 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा पुनः कराये जाने सम्बन्धी याचिकायों को खारिज करते हुए राज्य सरकार और बीपीएससी को बड़ी राहत दी। पप्पू कुमार व अन्य की याचिकाओं पर एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने इस सम्बन्ध में दायर जनहित याचिका सहित सभी याचिकायों पर सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रखा था। जिस पर आज कोर्ट ने ये फैसला दिया। ये उन उम्मीदवारों के लिए काफी बड़ा झटका हैं, जिन्होंने 70वीं बीपीएससी सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर पुनः प्रारंभिक परीक्षा कराये जाने की मांग की थी।

### SC का रुख करेंगे : गुरु रहमान




वहीं फैसला आने के बाद शिक्षाविद् गुरु रहमान ने कहा कि वे लोग इस फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय (SC) का रुख करेंगे। दरवाजे अभी खुले हुए हैं। गुरु रहमान का कहना है कि हम लोग किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे।

### छात्रों का आंदोलन बना राजनीतिक मुद्दा

बीपीएससी अभ्यार्थियों का मुद्दा राजनीतिक मुद्दा बन गया था। छात्रों क्या, आंदोलन को राजनीतिक दलों का भी समर्थन हासिल था। तेजस्वी याद,व पप्पू यादव और प्रशांत किशोर छात्रों के साथ मजबूती से खड़े थे। यही नहीं खान सर, गुरु रहमान भी छात्रों के साथ नजर आ रहे थे।

### क्या है पूरा मामला?

आपको बता दें कि 13 दिसंबर को जब अपने तय समय पर बीपीएससी की परीक्षा हो रही थी, तो पटना के बापू परीक्षा परिसर में कुछ समस्याएं हुईं। दरअसल अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र मिलने में थोड़ी देरी हुई, इसको लेकर सेंटर पर हंगामा हो गया। इस सेंटर पर करीब 12 हजार छात्रों ने परीक्षा दी थी।

### BPSC द्वारा रिजल्ट किया गया था प्रकाशित

छात्रों के आंदोलन से निपटने के लिए पुलिस को कई बार बल प्रयोग भी करना पड़ा था। सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को लेकर हंगामा हुआ था। हंगामे के दौरान ही बिहार लोक सेवा आयोग ने रिजल्ट भी प्रकाशित कर दिया था।

## संभल समेत पूरे यूपी में मस्जिदों-घरों में पढ़ी गई नमाज

- प्रयागराज में अलविदा जुमे की नमाज पर पुष्प वर्षा



**संभल/मेरठ/प्रयागराज/लखनऊ/कानपुर ।** रमजान महीने के आखिरी जुमे की नमाज पूरे उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से अता की गई। अलविदा जुमे के बाद ईद मनाने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर बीते कई दिनों से यूपी के अलग-अलग हिस्सों से तरह-तरह के नियम कायदों और पाबंदियों की खबरें आ रही थीं। हालांकि अलविदा जुम्मे की नमाज को लेकर शासन प्रशासन ने पूरी तरह कमर कसे रहा।

### हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल


रमजान महीने के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमे की नमाज आज संगम नगरी प्रयागराज की मस्जिदों में भी पूरी अकीदत और एहतराम के साथ अता की गई। इस मौके पर जहां मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, तो वहीं नमाज के बाद मुल्क की तरक्की और अमन चैन कायम रहने की खास दुआएं भी की गई। प्रयागराज में अलविदा की नमाज के अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। बात की जाए तो नमाज के बाद का दृश्य बेहद खास रहा। मुस्लिम और हिंदू भाइयों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाए। जिला अलीगढ़ की ऐतिहासिक जामा मस्जिद और जमालपुर ईदगाह में अलविदा जुमे की नमाज भारी संख्या में आरएएफ और पीएससी की मौजूदगी में शांतिपुर माहौल में अता की गई।

# 5 नदियों से घिरे गोरखपुर को बाढ़ से बचाने में जुटा सिंचाई विभाग

- समय से पहले सुरक्षित किए जा रहे सभी 65 बांध

**गोरखपुर।** यूपी का गोरखपुर जिला पांच नदियों सरयू, राप्ती, गोर्रा, रोहिन, कुआनो नदी से घिरा है। जिस पर जिलेभर में कुल 65 बंधे हैं। एक बार फिर बरसात और बाढ़ से पहले इनको बचाने के लिए सिंचाई विभाग ने कमर कस ली है। सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी जिले का दौरा कर विभाग को सख्त निर्देश दे चुके हैं। मामला सीएम के गृह जनपद का है इसलिए कोई लापरवाही न हो। ऐसे में इन बंधों को बचाने के लिए मेंटेनेंस कार्य चुनौती से कम नहीं है। 130 करोड़ के टेंडर मार्च महीने के अंत में किए गये हैं जिसके तहत होने वाले कार्य को 15 जून 2025 से पहले पूर्ण कर लिया जाना है।

### 39 नई परियोजनाओं के लिए बजट जारी



इरीगेशन डिपार्टमेंट के मुख्य अभियंता गंडक विकास सिंह कहते हैं कि सिंचाई विभाग की परियोजनाओं को पूरा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही बांधों की सुरक्षा और नदियों की कटान को रोकने सहित अन्य सुरक्षा और मरम्मत कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। जिले को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए सिंचाई विभाग की 39 नई परियोजनाओं के लिए बजट जारी हुआ है। इन परियोजनाओं की निविदा अभी पूर्ण हुई है और ढाई माह में काम पूरा कराया जाने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी जिले के दौरे पर थे और सभी परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण समय से पूरा करने का उनका भी निर्देश प्राप्त हुआ है।

### मंत्री ने गुणवत्तापूर्ण कार्य होने का किया दावा

सिंचाई मंत्री ने बताया कि पानी के तेज बहाव से जान-माल के नुकसान की आशंका को देखते हुए जिले में राप्ती, रोहिन और सरयू नदी के सहायक नदियों में जो बाढ़ आती है, उसपर मेंटेनेंस का कार्य हो रहा है। जिससे बांधों को टूटने से बचाया जा सके। इस कार्य और रोकथाम के लिए बोल्डर, पिचिंग, स्पर निर्माण, जाली बांधने सहित अनेक कार्य कराए जाएंगे इसके लिए करीब 130 करोड़ रुपए का बजट जारी हुआ है। इस संबंध में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि जो भी परियोजनाएं वर्ष 2024- 25 के लिए स्वीकृत थीं वह पूरी होने के कगार पर है। फिलहाल बाढ़ के दौरान नदियों की कटान और धारा को मोड़ने का कार्य संभव नहीं है, लेकिन बचाव के कार्य पर विभाग की सतर्कता और तैयारी पूरी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फिर धांधली

- जांच में अपात्र मिले भाई-बहन सहित छह जोड़े
- सत्यापन करने वाले अधिकारी व कर्मचारी भी आएंगे कार्रवाई के दायरे में
- 1001 जोड़ों के सामूहिक विवाह में आशीर्वाद देने पहुंचे थे मुख्यमंत्री

**जौनपुर।** बीते 12 मार्च को जौनपुर महोत्सव के आखिरी दिन शाही किले में 1001 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ था। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में धांधली सामने आई है। इसमें 1001 की बजाय कुल 1038 जोड़े शामिल हुए थे। जांच में मड़ियाहूं ब्लॉक के भाई-बहन सहित छह जोड़े अपात्र पाए गए हैं। इनके खातों में भेजी जाने वाली 35-35 हजार की धनराशि रोक दी गई है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह के लिए जोड़ों का सत्यापन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की तैयारी है। वर-वधुओं को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं पहुंचे थे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में धांधली की बात सामने आने पर दैनिक जागरण ने अपने 21 मार्च के अंक में पेज नंबर पांच पर 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का शुरू हुआ सत्यापन' शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। हालांकि, उस समय प्रशासन स्तर से इसे सामान्य प्रक्रिया बताई गई थी।

### डीएम ने की थी जांच कराने की बात



इसके बाद प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर जिले के प्रभारी व नगर विकास मंत्री एके शर्मा 25 मार्च को जनपद में आए थे। कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री के समक्ष मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़े की बात रखी गई। इस पर जिलाधिकारी ने पहले तो ऐसे किसी मामले से इनकार किया, हालांकि बाद में कहा कि मामला संज्ञान में है इसकी जांच कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने 21 ब्लॉकों के लाभार्थियों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया। जांच में सिकरारा ब्लॉक में दो, सिरकोनी, रामनगर, खुटहन व मड़ियाहूं में एक-एक जोड़ों के चयन में गड़बड़ी उजागर हुई। विवाह के दौरान दूल्हे की बजाय भाई को बिठाने का मामला मड़ियाहूं का ही है। जोड़ों के चयन में गड़बड़ी किस स्तर व कैसे की गई इसकी जांच अभी चल रही है।

### छह जोड़े मिले अपात्र, जिम्मेदारों पर भी होगी कार्रवाई

मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना में शामिल जोड़ों का सत्यापन करा लिया गया है। छह जोड़े अपात्र मिले हैं। इनके बारे में जांच की जा रही है। 1032 लाभार्थियों के खातों में तीन करोड़, 61 लाख, 20 हजार रुपये की धनराशि भेज दी गई है। अपात्रों को शामिल करने वाले जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## चाचा ने की भतीजे की हत्या, गिरफ्तार



**बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के थालापार गांव निवासी एक चाचा ने जमीन के विवाद को लेकर अपने भतीजे की धारदार हथियार से गुरुवार की रात हत्या कर दी। सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि चौकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक राकेश यादव की पत्नी श्यामदुलारी की तहरीर पर आरोपित चाचा रामजस यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया की गुरुवार की रात जब रामजस घर से सोने चले गए तो वहां राकेश भी सो रहा था, जिससे उनकी कुछ कहा सुनी हो गई और रामजस नशे में थे, विवाद इतना बढ़ा की धारदार हथियार से हमला कर दिया। आनन फानन में पुलिस ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। जहां उसकी मृत्यु हो गई। दिवंगत अपने पीछे पत्नी श्याम दुलारी और दो माह के बेटे ऋषभ को छोड़ गया है। किशोर आदर्श की मृत्यु का मामले में पुलिस को कटघड़े में खड़ा किए के मद्दे पर जिले में पहली बार सत्तापक्ष व विपक्ष पुलिस के खिलाफ एक सुर में दिख रहे हैं। लगातार तीसरे दिन भी सियासी सरगर्मी बनी रही। भाजपा, सपा व कांग्रेस के प्रमुख नेता अपने -अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ मृत किशोर के घर सान्तवना देने के दिन भर उभाई गावं में जातउभाई गांव में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय संग में सदर विधायक महेन्द्र नाथ यादव। जागरण नेता प्रतिपक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय उभाई गांव पहुंच करआदर्श के स्वजन को ढाढस बंधाया और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में कभी कभी सत्तापक्ष और विपक्ष एक साथ प्रदर्शन करते हैं।




# सेंसेक्स 191 अंक और निफ्टी 72 अंक लुढ़का

- निवेशकों को 2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**मुंबई।** अमेरिका की टैरिफ नीति को लेकर बनी चिंताओं और कमजोर वैश्विक संकेतों के दबाव में भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई, लेकिन पूरे दिन लिवालों और बिकवालों के बीच जारी खींचतान के कारण उतार-चढ़ाव बना रहा। अंत में, सेंसेक्स 0.25% गिरकर 77,414.92 अंक और निफ्टी 0.31% गिरकर 23,519.35 अंक पर बंद हुआ।



### बिकवाली का दबाव, केवल FMCG सेक्टर में बढ़त

रियल्टी, आईटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई। बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी नुकसान में रहे। हालांकि, एफएमसीजी सेक्टर इकलौता ऐसा सेक्टर था, जिसने बढ़त दर्ज की। ब्रॉडर मार्केट में भी गिरावट जारी रही, जिससे बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.68% और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.35% गिरकर बंद हुए।

### कैसा रहा बाजार का हाल?

सेंसेक्स : 84.26 अंक की तेजी के साथ 77,690.69 पर खुला, 77,766.70 के उच्चतम और 77,185.62 के न्यूनतम स्तर को छूकर 191.51 अंक गिरकर 77,414.92 पर बंद हुआ।

निफ्टी : 8.45 अंक की बढ़त के साथ 23,600.40 पर खुला, 23,649.20 के उच्चतम और 23,450.20 के न्यूनतम स्तर को छूकर 72.60 अंक गिरकर 23,519.35 पर बंद हुआ।

### निवेशकों को लगा बड़ा झटका

आज के कारोबार में निवेशकों को बड़ा झटका लगा, क्योंकि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 412.65 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी आंकड़ा) रह गया, जो कि गुरुवार के 414.72 लाख करोड़ रुपये से 2.07 लाख करोड़ रुपये कम है।

### टॉप गेनर्स और लूजर्स

| टॉप 5 गेनर्स | टॉप 5 लूजर्स |
|---|---|
| टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स – 2.91% | विप्रो – 3.66% |
| कोटक महिंद्रा बैंक – 2.00% | इंडसइंड बैंक – 3.52% |
| अपोलो हॉस्पिटल – 1.91% | श्रीराम फाइनेंस – 3.32% |
| ओएनजीसी – 1.74% | सिप्ला – 2.74% |
| टाटा मोटर्स – 0.88% | महिंद्रा एंड महिंद्रा – 2.46% |

# स्मॉल सेविंग स्कीम की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

- दिसंबर-2023 के बाद से दरें नहीं बदलीं
- सुकन्या समृद्धि पर 8.2% ब्याज मिलता रहेगा

**नई दिल्ली।** सरकार ने अप्रैल-जून तिमाही (Q1FY26) के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। यह लगातार पांचवीं तिमाही है, जब सरकार ने इन स्कीम्स की ब्याज दरें नहीं बदली हैं। शुक्रवार (28 मार्च) को वित्त मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले, जनवरी-मार्च (Q4FY25), अक्टूबर-दिसंबर (Q3FY25), जुलाई-सितंबर (Q2FY25) और अप्रैल-जून (Q1FY25) तिमाही में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। यानी, Q1FY26 तिमाही के लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF) नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (NSC) और किसान विकास पत्र (KVP) सहित सभी स्मॉल सेविंग स्कीम्स पर मिलने वाले ब्याज दर अपरिवर्तित रहेंगी।

### पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर 7.1% ब्याज दर



अभी पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF) पर 7.1% और सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2% ब्याज दर मिलती है। सरकार छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों पर फैसला लेने से पहले देश की लिक्विडिटी स्थिति और महंगाई पर भी नजर रखती है। हालांकि, PPF, NSC और KVP समेत छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों की हर तीन महीने पर समीक्षा करती है। स्मॉल सेविंग्स स्कीमों पर ब्याज दरें 4% से 8.2% के बीच हैं। सरकार ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में इंटरेस्ट रेट्स में बढ़ोतरी की थी।

## एमसीए ने पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए तीसरे 'उम्मीदवार ओपन हाउस' का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए तीसरे 'उम्मीदवार ओपन हाउस' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उम्मीदवारों को विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने और योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। यह पहल मंत्रालय की ओर से उम्मीदवारों की चिंताओं को दूर करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।




मंत्रालय के अनुसार, 27 मार्च को दोपहर 3 बजे से शाम 4:45 बजे तक आयोजित इस सत्र में 684 से अधिक लाइव उपस्थिति दर्ज की गई और 1,765 पूर्व-प्रस्तुत प्रश्नों पर चर्चा हुई। सभी उम्मीदवारों के सवालों के जवाब दिए गए, जिससे आम चिंताओं को दूर किया जा सका और लाइव पूछे गए सवालों को भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में महिंद्रा एंड महिंद्रा के फार्म डिवीजन में कौशल विकास और शिक्षा प्रमुख डॉन लुईस ने भी भाग लिया। उन्होंने इंटर्नशिप, करियर निर्माण रणनीतियों और पेशेवर विकास पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहने और नियमित अपडेट के लिए पोर्टल पर जानकारी लेते रहने की सलाह दी।

## वित्त वर्ष समाप्ति के मद्देनजर 29–31 मार्च को खुले रहेंगे केंद्रीय जीएसटी कार्यालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) के क्षेत्रीय कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च को भी खुले रहेंगे। यह निर्णय वित्त वर्ष 2023-24 के समापन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सीबीआईसी का यह निर्देश केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा आयकर विभाग के कार्यालयों के लिए जारी इसी तरह के निर्देशों के बाद आया है, ताकि लंबित विभागीय कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके। मुख्य आयुक्तों को निर्देश दिया गया है कि सीजीएसटी के सभी क्षेत्रीय कार्यालय इन तीन दिनों में कार्यरत रहेंगे और इन्हें आधिकारिक कार्य दिवस माना जाएगा। गौरतलब है कि 31 मार्च वित्त वर्ष का अंतिम दिन है, इसलिए इस दिन तक सभी सरकारी भुगतान और कर निपटान पूरे करने होंगे। इसके अलावा, आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि भी 31 मार्च है। चूंकि इस अवधि में शनिवार, रविवार और संभावित रूप से सोमवार को ईद-उल-फितर हो सकता है, इसके बावजूद आयकर और सीजीएसटी कार्यालय देशभर में खुले रहेंगे, ताकि करदाताओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

## बैंकों में 31 मार्च को विशेष चेक क्लियरिंग व्यवस्था लागू



**नई दिल्ली/मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को सभी बैंकों को निर्देश दिया कि वे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकारी लेन-देन के लेखांकन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 31 मार्च को विशेष क्लियरिंग व्यवस्था (समाशोधन) में अनिवार्य रूप से भाग लें। मौजूदा वित्त वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो रहा है, और इस दौरान सरकारी चेकों के समाशोधन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। आरबीआई के परिपत्र के अनुसार, चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) के तहत 31 मार्च को सामान्य समाशोधन का समय वही रहेगा, जो अन्य कार्यदिवसों में होता है। हालांकि, सरकारी चेकों के लिए विशेष समाशोधन किया जाएगा।

## आईपीएल डायरी

### 'पूरन के साथ बल्लेबाजी करने में आता है आनंद'



**हैदराबाद।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि उन्हें लखनऊ के अपने साथी खिलाड़ी निकोलस पूरन के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है। उन्हें खुशी है कि वेस्टइंडीज का यह आक्रामक बल्लेबाज अन्य लीग की तरह विरोधी टीम में नहीं है। पूरन लखनऊ की हैदराबाद के खिलाफ आसान जीत के नायक रहे। मार्श और पूरन ने शतकीय साझेदारी निभाई थी। मार्श ने गुरुवार को मैच के बाद कहा, पूरन की बल्लेबाजी के लिए मेरे पास एक ही शब्द है आकर्षक। मैं लंबे समय से उसके खिलाफ खेलता रहा हूं। उसकी इस तरह की बल्लेबाजी का मुझे हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ा है। अब हम जबकि एक ही टीम में हैं तो मुझे लगता है कि हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल है।

### धौनी के प्रति प्रशंसकों का जुनून खेल के लिए अच्छा नहीं : रायुडू



**चेन्नई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाति रायुडू का मानना है कि महेंद्र सिंह धौनी के प्रति चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों का अभूतपूर्व समर्थन धीरे-धीरे हानिकारक जुनून में बदल गया है। यह अन्य बल्लेबाजों के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि दर्शक केवल अपने थाला (नेतृत्वकर्ता) को बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहते हैं। रायुडू ने कहा कि दर्शकों का समर्थन पहले धौनी के लिए होता है और फिर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए। इससे भविष्य में टीम की ब्रांडिंग को नुकसान पहुंच सकता है क्योंकि टीम हमेशा एक खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती रही है। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, यह किसी नए बल्लेबाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती होती है।

### धवन से मिली सीख ने बदला खेल : आशुतोष



**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स के आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि वह अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन से मिली सीख के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। घरेलू क्रिकेट में रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 वर्षीय आशुतोष ने लखनऊ के खिलाफ सबसे यादगार पारियों में से एक खेलते हुए नाबाद 66 रन बनाकर टीम को आखिरी ओवर में एक विकेट की रोमांचक जीत दिलाई थी। जीत के बाद आशुतोष ने अपना प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार धवन को समर्पित करते हुए इस खब्बू बल्लेबाज के उनके करियर पर पड़ने वाले प्रभाव को स्वीकार किया। नीलामी में दिल्ली ने आशुतोष को 3.8 करोड़ रुपये की बोली के साथ टीम में चुना।

# मुंबई को पहली जीत की तलाश

## गुजरात अपने घर में लेगा इंडियंस का इम्तिहान

- दोनों टीमों को अपने पहले मुकाबले में मिली थी शिकस्त

**एजेंसी । अहमदाबाद**

आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की टीम अपनी हार की परंपरा तोड़ने में नाकाम रही और लगातार 13वें साल अपना पहला मुकाबला हार गई। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शिकस्त के बाद अब पांच बार की चैंपियन टीम शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने का प्रयास करेगी।



**नंबर गेम**

- *3 मुकाबले इस स्टेडियम में दोनों ने खेले हैं जिसमें तीनों में गुजरात ने मुंबई को मात दी है*
- *6 विकेट से हराया था गुजरात ने पिछले साल खेले गए एकमात्र मुकाबले में मुंबई को*

### मुंबई इंडियंस की तैयारियां और गेंदबाजी की चुनौती

मुंबई ने पहले और दूसरे मैच के बीच करीब एक हफ्ते का ब्रेक लिया और रिलायंस की जामनगर स्थित सुविधा में समय बिताया। इस दौरान टीम बॉन्डिंग और स्ट्रेटजी पर फोकस किया गया। हालांकि, मुंबई की गेंदबाजी इकाई जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में संघर्ष करती दिखी। पिछले मैच में पांड्या की गैरमौजूदगी ने भी टीम की मुश्किलें बढ़ा दीं। हार्दिक के लौटने से टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संतुलन आएगा। उनका आना शायद रॉबिन मिंज को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर सकता है, जो चेन्नई के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सके थे।

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 5 |
| गुजरात जीता : | 3 |
| मुंबई जीता : | 2 |

### हार्दिक पांड्या की वापसी से मिलेगी मजबूती

मुंबई के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या अपने एक मैच के प्रतिबंध के बाद वापसी कर रहे हैं, जिससे टीम को मजबूती मिलेगी। हालांकि, गुजरात को उसके गढ़ में हराना मुंबई के लिए आसान नहीं होगा। मुंबई की टीम अभी तक अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस को एक भी बार नहीं हरा पाई है। शुभमन गिल की अगुवाई में गुजरात भी अपना खाता खोलने की कोशिश करेगी।

### अहमदाबाद की पिच : रनों की बरसात तय

शनिवार को मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जाएगा, जहां पिच बल्लेबाजों के अनुकूल है। पिछले मुकाबले में पंजाब किंग्स (243) और गुजरात टाइटंस (232) ने कुल 475 रन बनाए थे। ऐसे में इस मैच में भी हाई-स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद की जा रही है। गुजरात के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन अहम होगा, जो अभी तक लय में नहीं दिखे। पिछले मैच में उन्होंने 54 रन लुटा दिए। प्रसिद्ध कृष्णा भी प्रभावशाली नहीं रहे। गुजरात की टीम में अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाजों की कमी है, जो कोच आशीष नेहरा के लिए चिंता की बात है।

### मुंबई को बल्लेबाजी की चिंता

मुंबई इंडियंस के लिए सबसे बड़ी चिंता सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा की मौजूदा फॉर्म है। हार्दिक की वापसी से टीम को गहराई मिलेगी और वह गेंदबाजी की शुरुआत भी कर सकते हैं। मुंबई को विकेटकीपर बल्लेबाज की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। टीम रेयान रिकलेटन पर अत्यधिक निर्भर है, जबकि मिंज के पास टी-20 में ज्यादा अनुभव नहीं है। स्पिनर विग्नेश, जो चेन्नई के खिलाफ स्पिन मददगार पिच पर प्रभावी रहे, उनकी असली परीक्षा गुजरात के बल्लेबाजों के खिलाफ होगी।

### क्या मुंबई तोड़ पाएगी गुजरात में हार का सिलसिला?


मुंबई के लिए अहमदाबाद में पहली जीत दर्ज करना आसान नहीं होगा। गुजरात को अपने घर में हराने के लिए मुंबई को गेंदबाजी में सुधार लाना होगा। वहीं, शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात भी सीजन की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी।

### गुजरात की रणनीति और गिल पर जिम्मेदारी

*गुजरात की टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी शुभमन गिल पर होगी। टीम ग्लेन फिलिप्स को मौका दे सकती है, क्योंकि वह आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ऑफ-स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। गुजरात के पास भारतीय गेंदबाजों में सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और इशांत शर्मा जैसे एक ही तरह के गेंदबाज हैं, जो टीम की गेंदबाजी को एकरंगी बना सकते हैं। ऐसे में कोच नेहरा को गेंदबाजी विभाग में सही संतुलन बैठाना होगा।*

## गुरिंदरवीर सिंह ने इंडियन ग्रां प्री में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**एजेंसी । बेंगलुरु**



भारतीय धावक गुरिंदरवीर सिंह ने शुक्रवार को इंडियन ग्रां प्री 1 (आईजीपी 1) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 10.20 सेकंड में दौड़ पूरी कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।

### होबलीधर व बोरगोहेन ने भी किया दमदार प्रदर्शन

रिलायंस के ही धावक मणिकांत होबलीधर ने भी अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 0.01 सेकंड से सुधारकर 10.22 सेकंड में दौड़ पूरी की, जिससे वे दूसरे स्थान पर रहे। दौड़ में लेन पांच और छह में गुरिंदरवीर और होबलीधर के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन मामूली अंतर से गुरिंदरवीर ने जीत दर्ज कर 0.03 सेकंड के अंतर से नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया।

## बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को जल्द मिलेगा नया स्पिन गेंदबाजी कोच



**एजेंसी । नई दिल्ली**


भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को जल्द ही नया स्पिन गेंदबाजी कोच मिलने वाला है। इस पद को साल की शुरुआत में साईराज बहुतुले के इस्तीफे के बाद से खाली छोड़ दिया गया था। बहुतुले ने आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के लिए सीओई से अलग होने का फैसला किया था।

पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के रूप में जाना जाने वाला यह केंद्र अब बेंगलुरु में नए स्थल पर स्थानांतरित हो गया है। इस बदलाव के साथ ही बोर्ड ने स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### स्पिन गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारियां

*बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नया स्पिन गेंदबाजी कोच, सीओई के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को रिपोर्ट करेगा।*

## जोकोविच मास्टर्स 1000 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



- नोवाक ने क्वार्टर फाइनल में कोर्डा को 6-4, 7-6 से पराजित किया

**मियामी ओपन**

**एजेंसी । मियामी गार्डंस**

टेनिस के रिकॉर्डों के बादशाह नोवाक जोकोविच ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। 37 साल 10 महीने के सर्बियाई दिग्गज ने एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया।

### सेबेस्टियन कोर्डा को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे

जोकोविच ने गुरुवार देर रात खेले गए मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस जीत के साथ उन्होंने रोजर फेडरर का 37 साल 7 महीने का छह साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। फेडरर 2019 में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

### जोकोविच अपने 100वें खिताब से सिर्फ दो जीत दूर

जोकोविच मियामी में अपने सातवें और करियर के 100वें एटीपी खिताब से अब सिर्फ दो जीत दूर हैं। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 12-1 का है।

### 16 वर्षों से क्वार्टर फाइनल के बाद नहीं हारे जोकोविच

जोकोविच ने पिछले 16 वर्षों से मियामी ओपन में क्वार्टर फाइनल के बाद कभी हार नहीं झेली। उनका इस टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल के बाद जीत-हार का रिकॉर्ड 20-1 है। इकलौती हार 2009 में ब्रिटेन के एंडी मरे के खिलाफ फाइनल में आई थी, जो अब उनके कोच हैं।

## निशांत की निगाह पेशेवर मुक्केबाजी से ओलंपिक पदक पर

**एजेंसी । ग्रेटर नोएडा**



भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर मुक्केबाजी में उतरने का फैसला किया है। उनका मानना है कि इससे उनकी सहनशक्ति और ताकत में सुधार होगा, जो 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक जीतने के उनके सपने को पूरा करने में मदद करेगा।

पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वार्टर फाइनल में हार झेलने वाले निशांत ने एमेच्योर से प्रोफेशनल बॉक्सिंग की ओर रुख किया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पेशेवर मुक्केबाजी में जाने का सबसे बड़ा कारण यह था कि मेरी सहनशक्ति और ताकत को सुधारना जरूरी था। एमेच्योर मुक्केबाजी में मुकाबला सिर्फ 9 मिनट (3 राउंड × 3 मिनट) का होता है, जबकि पेशेवर मुक्केबाजी में 12 राउंड तक के मुकाबले होते हैं। निशांत ने कहा कि अगर मैं ज्यादा राउंड खेलने का आदी हो जाऊं, तो जब एमेच्योर मुक्केबाजी में लौटूंगा, तो तीन राउंड तक आराम से खेल सकूंगा।

### भारत लौटकर खेलेंगे ओलंपिक क्वालीफायर

विश्व चैंपियनशिप 2023 में लाइट मिडिलवेट (71 किग्रा) वर्ग में कांस्य पदक जीत चुके निशांत भारत के सबसे बेहतरीन मुक्केबाजों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी ओलंपिक में बनी रहेगी और मेरा अनुबंध ओलंपिक से पहले समाप्त होगा। मैं भारत लौटकर ओलंपिक क्वालीफायर खेलूंगा।

## बॉलीवुड में नेपोटिज्म के सवाल पर बोले सलमान खान


*बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद हमेशा से चर्चा का विषय रहा है। कई स्टार किड्स अपने माता-पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख रहे हैं। आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अनन्या पांडे, वरुण धवन, सारा अली खान, जान्हवी कपूर, और खुशी कपूर जैसे कई स्टार किड्स इस समय बॉलीवुड में सक्रिय हैं। इनमें से कई को करण जौहर और अन्य बड़े फिल्ममेकर प्रमोट कर रहे हैं। भाई-भतीजावाद के मुद्दे पर अक्सर खुलकर अपनी राय रखने वाली कंगना रनौत को अब सलमान खान ने अपनी प्रतिक्रिया के माध्यम से स्पष्ट शब्दों में जवाब दिया है।*



अपनी फिल्म 'सिंकदर' के प्रमोशन के मौके पर सलमान ख़ान ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान एक पत्रकार ने रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सवाल पूछा, लेकिन सलमान ने रवीना की जगह कंगना की बात सुनी। उन्होंने पूछा, 'क्या कंगना की बेटी आ रही है?' इसके बाद पत्रकार ने उनका भ्रम दूर कर लिया, लेकिन बाद में भाईजान ने कंगना पर तंज कसा।

सलमान खान ने भाई-भतीजावाद पर अपनी राय रखते हुए कहा, 'क्या कंगना रनौत की बेटी राजनीति में जाएगी या फिल्मों में? मेरा मतलब है, चाहे वह लड़का हो या लड़की...उन्हें भी कुछ अलग करना होगा। इस दुनिया में कोई भी ऐसा नहीं है, जो खुद अपने दम पर बना हो। मैं इसमें विश्वास नहीं करता। यह एक टीम वर्क है। अगर मेरे पिता इंदौर से मुंबई नहीं आते, तो मैं भी वहां खेती कर रहा होता। वह यहां आए, फिल्मों में काम किया। अब मैं उनका बेटा हूं। मैं या तो वापस जा सकता हूं या यहां मुंबई में रह सकता हूं। लोग इन सबके लिए नए शब्द खोज लेते हैं, जैसे आप सभी इस्तेमाल करते हैं—यह भाई-भतीजावाद है।' सलमान खान के इस बयान से एक बार फिर बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद पर बहस छिड़ गई है। उनका कहना है कि सफलता केवल किसी एक व्यक्ति की मेहनत से नहीं, बल्कि पूरी टीम के सहयोग से मिलती है।

## अगले वर्ष वैलेंटाइन डे पर रिलीज होगी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी'



इन दिनों फिल्म अभिनेता कार्तिक आर्यन सुर्खियों में हैं। इसकी वजह है उनके पास आने वाली एक से बढ़कर एक फिल्में। 'भूल भुलैया 3' की सफलता के बाद कार्तिक कई बहुप्रतीक्षित फिल्मों में नजर आएंगे। इन्हीं में से एक है 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी'। अब आखिरकार इस फिल्म की रिलीज तारीख का खुलासा हो गया है। जिससे उनके फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है। फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' को अगले साल वैलेंटाइन डे के खास मौके पर रिलीज किया जाएगा। यानी यह फिल्म 13 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म का निर्देशन समीर विद्वान कर रहे हैं, जो इससे पहले कार्तिक आर्यन के साथ 'सत्यप्रेम की कथा' में काम कर चुके हैं। फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं। फिल्म में कार्तिक आर्यन की जोड़ी शरवरी वाघ या अनन्या पांडे में से किसी एक के साथ बन सकती है। धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' को करण जौहर के साथ-साथ अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता, भूमिका तिवारी और किशोर अरोड़ा मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## 'कृष 4' को लेकर खुलासा, एक्टिंग के साथ निर्देशन भी करेंगे ऋतिक रोशन



*हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय सीक्वलों में से एक 'कृष' है, जिसने ऋतिक रोशन को जबरदस्त प्रशंसा का आधार दिया। अब तक इस फ्रेंचाइजी की तीन फ़िल्में रिलीज़ हो चुकी हैं और दर्शक बेसब्री से इसके चौथे भाग का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में 'कृष 4' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के निर्देशन और निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी शेयर की गई है, जिससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है।*

फिल्म निर्देशक राकेश रोशन ने कुछ महीने पहले निर्देशन से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा कि कृष 4 एक बड़ी फिल्म होगी और बजट के कारण फिल्म को बनने में समय लगेगा। अब फिल्म के बारे में एक अपडेट आया है। आदित्य चोपड़ा इस फिल्म का निर्माण करेंगे। फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋतिक रोशन फिल्म 'कृष 4' का निर्देशन करेंगे। अभिनय के साथ-साथ वह निर्देशन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। भारत में 'कृष' एक फिल्मी सुपरहीरो है। वर्ष 2003 में आई 'कोई मिल गया' का पहला सीक्वल का नाम 'कृष' था। यह 2006 में रिलीज हुई थी।

## वेब सीरीज 'दुपहिया' के सीक्वल का ऐलान



*बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गजराज राव की 7 मार्च, 2025 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'दुपहिया' को दर्शकों से इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली। इसे देखते हुए अब निर्माताओं ने 'दुपहिया' के सीक्वल का आधिकारिक ऐलान कर दिया है, जिससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है। अमेजन प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'दुपहिया' के सभी सितारे दूसरे सीजन की पुष्टि करते नजर आ रहे हैं। यह सीरीज जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी, हालांकि रिलीज डेट का खुलासा अभी नहीं किया गया है। इस वेब सीरीज का मिजाज काफी हद तक लोकप्रिय शो 'पंचायत' जैसा है। इसकी कहानी बिहार के एक काल्पनिक गांव धड़कपुर की है, एक ऐसा गांव, जहां पिछले 25 सालों में कोई अपराध नहीं हुआ है।*

वेब सीरीज 'दुपहिया' का निर्देशन सोनम नायर ने किया है, जबकि इसका निर्माण सलोना बैंस जोशी और शुभ शिवदासानी ने अपने 'बॉम्बे फिल्म कार्टेल' बैनर के तहत किया है। इस सीरीज की कहानी अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग ने लिखी है। नौ एपिसोड वाली इस वेब सीरीज में गजराज राव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को मिला 2.45 करोड़ का दान

**तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को तीन लोगों ने 2.45 करोड़ रुपये का दान दिया है। दानदाताओं में एक श्रीलंकाई नागरिक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन बी.आर.नायडू व अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकेइया चौधरी को तीनों दानदाताओं ने डिमांड ड्राफ्ट के रूप में यह धनराशि सौंपी। दान देने वालों में चेन्नई की एक कंपनी व श्रीलंकाई नागरिक ने एक-एक करोड़ का दान दिया जबकि नोएडा की एक कंपनी की तरफ से 45 लाख रुपये दान के रूप में दिए गए हैं।

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने तीन जिलों से प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार बिशनपुर जिले से कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी के एक कार्यकर्ता व इंफाल पूर्व जिले से पॉलिटब्यूरो स्टैंडिंग कमेटी के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया। वहीं थोबल जिले से तैबनगनबा के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ ही जिरिबाम, इंफाल पश्चिम व बिशनपुर जिलों में भी तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया है व कांगपोकपी जिले में एक बंकर को भी नष्ट किया है।

### विधानसभा से अन्नाद्रमुक विधायकों को बाहर निकाला

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल खत्म होते ही हंगामे के कारण अन्नाद्रमुक के विधायकों को सदन से बाहर निकाल दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने इस संबंध में आदेश दिया। प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद, विपक्ष के नेता एडप्पाडी के पलानीस्वामी एक विशेष मुद्दा उठाना चाहते थे, लेकिन अध्यक्ष अप्पावु ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को किसी भी मुद्दे को उठाने से पहले सदन की अनुमति लेनी होगी। इस पर अन्नाद्रमुक विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई और पलानीस्वामी को बोलने देने की मांग की।

### विजय की पार्टी ने वक्फ विधेयक और परिसीमन वापसी की मांग की

**चेन्नई।** अभिनेता एवं नेता विजय की अगुवाई वाली तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने केंद्र से वक्फ विधेयक वापस लेने का शुक्रवार को आग्रह करते हुए कहा कि यह विधेयक मुसलमानों के अधिकारों को छीन लेगा। साथ ही, पार्टी ने प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को भी निरस्त करने का केंद्र से आग्रह किया। टीवीके ने यहां पार्टी के संस्थापक विजय की अध्यक्षता में हुई पार्टी की आम परिषद की पहली बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा कि वक्फ विधेयक ने नई शर्तें बनाकर संबंधित मामलों में मुसलमानों की शक्तियां छीन ली हैं और उनके मौजूदा अधिकारों को भी कुचला है इसलिए केंद्र को इसे वापस लेना चाहिए।

### नेपाली छात्रा की मौत पर एनएचआरसी ने रिपोर्ट मांगी

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईआईटी) में नेपाल की 20 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में गंभीर लापरवाही बरते जाने पर संज्ञान लिया है। आयोग ने ओडिशा सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से चार सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

### सीवरेज प्रणाली का इस्तेमाल नहीं करने वालों पर जुर्माने की तैयारी

**पणजी।** गोवा सरकार ने सीवरेज (मलजल) प्रणाली का उपयोग नहीं करने वाले घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भारी जुर्माना लगाने का प्रस्ताव पेश किया है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घोषणा की कि सरकार अगले 25 वर्ष के लिए सीवरेज प्रणाली को सुधारने के मकसद से 'गोवा सीवरेज मास्टर प्लान 2050' पर काम करेगी। जिन क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाई गई हैं, वहां रहने वाले लोगों को आवासीय कनेक्शन के लिए पानी शुल्क का 50 प्रतिशत और वाणिज्यिक कनेक्शन के लिए 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

---

कैश मामला

# जस्टिस वर्मा को भेजा गया इलाहाबाद हाईकोर्ट

- केंद्र सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया
- सुप्रीम कोर्ट ने FIR की मांग वाली याचिका खारिज की



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह आदेश जारी हुआ। जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपना कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है।

### बार काउंसिल ने किया विरोध, सुप्रीम कोर्ट से पुनर्विचार की मांग

- जस्टिस वर्मा के ट्रांसफर के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की बार काउंसिल ने नाराजगी जताई थी। वकीलों ने विरोधस्वरूप हड़ताल भी शुरू कर दी थी। हाईकोर्ट की छह बार काउंसिल के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और कॉलेजियम के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर ट्रांसफर पर पुनर्विचार की मांग की थी।

### FIR से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, जांच जारी

- इधर, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की इंटरनल कमेटी कर रही है। यदि जांच रिपोर्ट में कोई अनियमितता पाई जाती है, तो एफआईआर दर्ज की जाएगी या फिर मामला संसद को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि 14 मार्च को होली के दिन जस्टिस वर्मा के घर आग लग गई थी। जब फायर सर्विस की टीम आग बुझाने पहुंची तो उन्हें स्टोर रूम में बोरियों में भरे 500-500 रुपये के अधजले नोट मिले थे। तभी से यह मामला सुर्खियों में बना हुआ है।

### जस्टिस वर्मा की इसी हफ्ते हो सकती है पेशी

- सुप्रीम कोर्ट की बनाई इन-हाउस कमेटी के सामने जस्टिस यशवंत वर्मा की पेशी इसी हफ्ते हो सकती है। समिति के समक्ष पेश होने से पहले बुधवार को सीनियर वकीलों से मुलाकात की। इनमें एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल, अरुंधति काटजू, तारा नरूला, स्तुति गुर्जर और एक अन्य जस्टिस वर्मा के घर पहुंचे।वकीलों ने जांच समिति के सामने दिए जाने वाले जवाबों को फाइनल करने में मदद की। दरअसल, जस्टिस वर्मा अपना फाइनल जवाब तैयार कर रहे हैं, यही आगे की कार्रवाई का आधार बनेगा।

### 34 साल पुराने फैसले को चुनौती दी गई

- जस्टिस वर्मा के खिलाफ FIR की मांग को लेकर एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा और तीन अन्य ने याचिका दायर की थी। याचिका में 34 साल पुराने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को भी चुनौती दी गई थी। 1991 में के वीरस्वामी केस में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि CJI की परमिशन के बिना हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी जज के खिलाफ कोई क्रिमिनल केस शुरू नहीं किया जा सकता। उधर जस्टिस यशवंत वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव पैनल से हटा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, 26 मार्च को हाईकोर्ट में प्रशासनिक कामों से जुड़ी कमेटियों का पुनर्गठन किया गया था। इसमें जस्टिस वर्मा को शामिल नहीं किया गया।

टाइम लाइन

### जस्टिस वर्मा कैश में कब क्या हुआ...

- 14 मार्च : रात करीब 11.35 बजे वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगी। जहां पहुंची फायर ब्रिगेड ने 4-5 बोरियों में जले ही 500 के नोट देखे।
- 21 मार्च : दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने इंटरनल इन्क्वायरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के CJI संजीव खन्ना को सौंपी थी। इसी दिन मीडिया में यह खबर सामने आई।
- 22 मार्च : CJI ने आरोपों की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की। दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की।
- 23 मार्च : CJI के निर्देश पर, दिल्ली हाईकोर्ट ने जस्टिस वर्मा से कार्यभार वापस ले लिया। यह निर्देश जांच जारी रहने तक लागू रहेगा।
- 24 मार्च : सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट में वापस ट्रांसफर की सिफारिश की, जिसका हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने विरोध किया।
- 25 मार्च : जस्टिस वर्मा के ट्रांसफर के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की।
- 26 मार्च : सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस कमेटी पुलिस को लेकर जज वर्मा के बंगले पर पहुंची। करीब 30-35 मिनट तक जस्टिस वर्मा के घर का मुआयना किया। जस्टिस वर्मा ने भी वकीलों की टीम से मुलाकात की।
- 27 मार्च : हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य CJI संजीव खन्ना से मिले, जस्टिस वर्मा के ट्रांसफर पर पुनर्विचार करने की अपील की।
- 28 मार्च : सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की।

---

कठुआ एनकाउंटर

# 3 आतंकी ढेर, 3 जवान शहीद

▶▶ जैश के संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने जिम्मेदारी ली, सर्चिंग जारी

एजेंसी | कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग इलाके में जारी एनकाउंटर में अब तक तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। इस मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) के तीन जवान शहीद हो गए। शहीद जवानों में तारिक हुसैन, जसवंत सिंह और बलविंदर सिंह शामिल हैं। घायल जवानों को जम्मू मेडिकल कॉलेज (JMC) रेफर किया गया था, जहां देर रात इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। गोलीबारी में DSP धीरज सिंह समेत चार अन्य सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। इनका इलाज उधमपुर स्थित सेना के अस्पताल में किया जा रहा है।



### 9 आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर हुआ ऑपरेशन

सूत्रों के मुताबिक, राजबाग के घाटी जुथाना इलाके के जखोले गांव में सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि करीब 9 आतंकी छिपे हुए हैं। इसके बाद सेना, BSF, CRPF और SOG की संयुक्त टीम ने आतंकियों को घेरकर ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान 7 जवान घायल हो गए थे।

### जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकी, हाई-टेक सर्च ऑपरेशन जारी

सूत्रों के अनुसार, मारे गए आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (PAFF) से जुड़े थे। शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन दोबारा शुरू किया है। सेना और पुलिस ड्रोन, थर्मल इमेजिंग, हेलिकॉप्टर, बुलेटप्रूफ वाहन और

---

# नेपाल में राजशाही की बहाली की मांग तेज

प्रदर्शनकारियों ने की तोड़फोड़ और आगजनी

एजेंसी | काठमांडू

नेपाल में राजशाही की बहाली की मांग ने शुक्रवार को उग्र रूप ले लिया, जब प्रदर्शनकारियों ने एक इमारत में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। यह विरोध प्रदर्शन नेपाल को फिर से हिंदू राज्य घोषित करने की मांग को लेकर बुलाया गया था, लेकिन यह जल्द ही हिंसक हो गया। रिपोर्ट के अनुसार,



प्रदर्शनकारियों ने सड़क किनारे स्थित एक इमारत की खिड़कियों को तोड़ दिया और फिर सुरक्षा घेरा तोड़ने का प्रयास किया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। विशेष रूप से तिनकुने क्षेत्र में हालात बेकाबू हो गए, जहां हजारों प्रदर्शनकारियों ने 'राजा आओ देश बचाओ', 'भ्रष्ट सरकार नीचे जाओ' और 'हमें राजतंत्र वापस चाहिए' जैसे नारे लगाए।

---

# ऑक्सफोर्ड में ममता बनर्जी के भाषण के दौरान विरोध

एजेंसी | लंदन

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गुरुवार को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में भाषण के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने बंगाल में हुई हिंसा, आरजी कर कॉलेज रेप-मर्डर केस और संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर सवाल उठाए।

विरोध का जवाब देते हुए ममता बनर्जी ने कहा, "आप जानते हैं कि यह मामला अदालत में है और यह केस अब हमारे हाथ में नहीं है। केंद्र सरकार ने इसे अपने हाथ में ले लिया है।" हालांकि, प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए, जिसके बाद ममता ने कहा, "यहां राजनीति मत करो, यह राजनीति का मंच नहीं है। मेरे राज्य में आओ और मेरे साथ राजनीति करो।"



### भाषण रोकना पड़ा

प्रदर्शनकारियों के हंगामे के चलते ममता बनर्जी को अपना भाषण बीच में रोकना पड़ा। यह विरोध स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI-UK) ने किया। संगठन के अनुसार, वे ममता बनर्जी के ₹झूठे दावों₹ का विरोध कर रहे थे।

### 'बंगाल के लिए शर्मिंदगी'

इस घटना का वीडियो भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर साझा किया। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शन करने वाले बंगाली हिंदू समुदाय के थे।

---

# तीन अप्रैल से थाईलैंड और श्रीलंका के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह थाईलैंड और श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत की नई घोषित 'महासागर नीति के तहत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता एवं समृद्धि सुनिश्चित करना होगा। प्रधानमंत्री अपनी यात्रा की शुरुआत थाईलैंड से करेंगे, जहां वे तीन से चार अप्रैल तक बैंकॉक में होने वाले छठे 'बिम्सटेक (बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। इस शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक सदस्य देशों के नेताओं द्वारा आपसी सहयोग को और प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की जाएगी।

### श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व से करेंगे मुलाकात

थाईलैंड के बाद प्रधानमंत्री मोदी चार अप्रैल को तीन दिवसीय दौरे पर श्रीलंका जाएंगे। कोलंबो में वे श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे के दौरान भारतीय वित्तीय सहायता से संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के लिए अनुराधापुरा भी जाएंगे।

---

इनसे सीखें

# वीना जैन ने अंगदान कर तीन जिंदगियां बचाईं

▶▶ ब्रेन-डेड घोषित होने के बाद परिवार ने लिया निस्वार्थ निर्णय

एजेंसी | नई दिल्ली

अंगदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, और इसी भावना को जीवंत किया 68 वर्षीय वीना जैन के परिवार ने। ब्रेन-डेड घोषित होने के बाद, उनके परिवार ने निस्वार्थ भाव से अंगदान कर तीन लोगों को जीवनदान दिया। साकेत स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उनकी किडनी और लिवर जरूरतमंद मरीजों को दान किए गए। वीना जैन को 15 मार्च को सेरेब्रल एडेमा (दिमाग में सूजन) की गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ब्रेन इमेजिंग



से पता चला कि उनके दिमाग की बाईं इंटरनल कैरोटिड आर्टरी में एनेयूरिज्म फटने से ब्रेन हेमरेज हुआ, जिससे अत्यधिक दबाव बढ़ गया। इमरजेंसी सर्जरी के बावजूद, उनका दिमाग काम करना बंद कर चुका था, और 26 मार्च को उन्हें ब्रेन-डेड घोषित कर दिया गया।

### परिवार की सहमति से हुआ सफल ट्रांसप्लांट

डॉक्टरों की टीम ने परिवार को अंगदान के महत्व के बारे में समझाया, जिसके बाद उन्होंने सहमति दे दी। मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक किडनी और लिवर का प्रत्यारोपण किया। पहली किडनी 60 वर्षीय मरीज को दी गई, जो 2023 से प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे थे। लिवर 68 वर्षीय एंड-स्टेज लिवर डिजीज से पीड़ित मरीज को दिया गया, जो 2021 से प्रतीक्षा सूची में थे।

---

ऐ खून के प्यासे बात सुनो...

# इमरान प्रतापगढ़ी को पोस्ट पर सुप्रीम राहत

▶▶ सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के जामनगर में दर्ज एफआईआर रद्द कर दिया

▶▶ इमरान प्रतापगढ़ी ने गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की तरफ से दर्ज FIR सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रद्द कर दी। यह FIR उनके इंस्टाग्राम पोस्ट 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो' कविता को लेकर दर्ज की गई थी। कोर्ट ने फैसले में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर देते हुए पुलिस और निचली अदालतों की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा, "कोई अपराध नहीं हुआ है। जब आरोप लिखित रूप में हों, तो पुलिस अधिकारी को इसे ध्यान से पढ़ना चाहिए। बोले गए शब्दों का सही अर्थ समझना जरूरी है। कविता में हिंसा का कोई संदेश नहीं है, बल्कि यह अहिंसा को बढ़ावा देती है।'



### कविता में कोई विवादित बात नहीं- सुप्रीम कोर्ट

जस्टिस अभय ओका ने कहा कि भले ही न्यायाधीशों को कोई बात पसंद न आए, फिर भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण देना जरूरी है। मुक्त भाषण सबसे मूल्यवान अधिकारों में से एक है। जब पुलिस इसका सम्मान नहीं करती, तो न्यायालयों को आगे आकर इसकी रक्षा करनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि भले ही बहुत से लोग किसी दूसरे के विचारों को नापसंद करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए। कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य और कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को और अधिक सार्थक बनाता है।

### 46 सेकेंड के वीडियो पर हुई थी FIR

FIR में आरोप लगाया गया है कि इमरान प्रतापगढ़ी ने 29 दिसंबर को अपने एक्स हैंडल पर कविता की 46 सेकेंड की वीडियो क्लिप पोस्ट की थी। बैकग्राउंड में 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो' गीत बज रहा था। इमरान प्रतापगढ़ी ने जामनगर में आयोजित सामूहिक लगन समारोह में शिरकत करने के बाद यह सोशल मीडिया पोस्ट की थी।

### हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

प्रतापगढ़ी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 196 (धर्म या नस्ल के आधार पर दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक कथन) के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रतापगढ़ी ने इस FIR को रद्द करने के लिए पहले गुजरात हाई कोर्ट का रुख किया था।

### प्रतापगढ़ी बोले- कविता प्रेम और अहिंसा का

प्रतापगढ़ी के इस वीडियो क्लिप में दिखाया गया है कि जब वह हाथ हिलाते हुए चल रहे थे तो उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई जा रही थीं और पृष्ठभूमि में एक गाना बज रहा था। प्रतापगढ़ी ने प्राथमिकी रद्द करने के लिए दाखिल याचिका में दावा किया कि पृष्ठभूमि में पढ़ी जा रही कविता प्रेम और अहिंसा का संदेश देती है।

---

काम की खबर

# एटीएम से अतिरिक्त निकासी पर लगेगा ज्यादा शुल्क

एजेंसी | मुंबई

ग्राहकों को एटीएम से निशुल्क निकासी सीमा खत्म होने के बाद पैसे निकालने पर एक मई से प्रति लेन-देन 23 रुपये देने होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को एक मई से एटीएम से पैसा निकालने पर शुल्क दो रुपये बढ़ाकर 23 रुपये प्रति लेनदेन करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। यह शुल्क माह में निशुल्क निकासी संख्या समाप्त होने के बाद एटीएम से पैसा निकालने पर लगेगा। ग्राहक अपने बैंक की एटीएम से हर महीने पांच निःशुल्क लेनदेन (वित्तीय तथा गैर-वित्तीय लेनदेन सहित) के लिए पात्र हैं। वे अन्य बैंकों के एटीएम से भी मुफ्त लेनदेन (वित्तीय व गैर-वित्तीय लेनदेन सहित) के लिए पात्र हैं। महानगरों में वे तीन निःशुल्क लेनदेन और अन्य स्थानों पर पांच निःशुल्क लेनदेन कर सकते हैं।



### कैश रिसाइक्लर मशीनों पर भी लागू होंगे नए नियम

आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा, मुफ्त लेनदेन के अलावा ग्राहक से प्रति लेनदेन अधिकतम 23 रुपये का शुल्क लिया जा सकता है। यह एक मई 2025 से प्रभावी होगा। वर्तमान में, बैंकों को ग्राहक द्वारा मुफ्त लेनदेन सीमा समाप्त होने के बाद प्रति लेनदेन 21 रुपये का शुल्क लेने की अनुमति है। आरबीआई ने कहा कि ये निर्देश, यथावश्यक परिवर्तनों के साथ 'कैश रिसाइक्लर मशीन' (नकद जमा लेनदेन के अलावा) पर किए गए।